उज्जैन
मंगलवार
08
सितम्बर, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-305
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ चलती कारों पर पेड़ गिरने से डिप्टी कलेक्टर की मां की मौत
7 ▸ पाकिस्तान क्रिकेट ने खिलाड़ियों के व्यवहार पर जांच शुरू की

# मप्र में जहरीली शराब से पिता-बेटा समेत 22 की मौत

## 112 लोग भर्ती, शराब ठेकेदार समेत 30 पर केस दर्ज, 14 गिरफ्तार, बंडा एसडीएम को हटाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ सागर**



सागर में जहरीली शराब पीने से मरने वालों की संख्या 22 हो गई है। मृतकों में पिता-पुत्र भी शामिल हैं। 112 लोग बीमार हैं, जिन्हें सागर और भोपाल के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। मामले में शराब ठेकेदार समेत 30 लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। पुलिस ने 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 225.12 लीटर अवैध देशी शराब जब्त की है।

मामले में प्रशासनिक कार्रवाई भी की गई है। बंडा एसडीएम आरती यादव को कलेक्ट्रेट कार्यालय सागर में पदस्थ कर दिया गया है। उनकी जगह डिप्टी कलेक्टर संजय कुमार जैन को बंडा एसडीएम का प्रभार दिया गया है। जैन के पास शाहगढ़ का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा।

14 आरोपी गिरफ्तार, 225 लीटर शराब जब्त बंडा और विनायका थाना पुलिस ने अलग-अलग मामलों में कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 1249 पाव यानी 225.12 लीटर देशी लाल मसाला सागर गोल्ड कंपनी की शराब जब्त की गई है। बंडा पुलिस ने चार आरोपियों से 345 पाव यानी 62.4 लीटर शराब जब्त की। वहीं विनायका पुलिस ने 10 आरोपियों से 904 पाव यानी 162.72 लीटर शराब बरामद की। सभी गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। पुलिस शराब के निर्माण, बिक्री और सप्लाई नेटवर्क की जांच कर रही है।

### कलेक्टर बोलीं- 13 मौतों में शराब की पुष्टि

कलेक्टर प्रतिभा पाल ने बताया कि अब तक 13 मौतों की पीएम रिपोर्ट में शराब की पुष्टि हुई है। कुछ अन्य मौतों में अलग-अलग कारण सामने आए हैं। पूरे मामले की जांच के लिए मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। इसमें घटनाक्रम, मौतों के कारण और जिम्मेदारों की भूमिका समेत सभी बिंदुओं की जांच होगी।

### उमंग सिंघार ने सीएम को पत्र लिखा

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सागर में जहरीली शराब से 22 से अधिक लोगों की मौत को गंभीर और दुःखद बताते हुए मुख्यमंत्री को पत्र लिखा। उन्होंने मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही संबंधित पुलिस और आबकारी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की भूमिका की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और प्रभावित क्षेत्रों समेत पूरे प्रदेश में अवैध शराब के खिलाफ विशेष अभियान चलाने की मांग की।

### सोमवार को 6 और मौतें

सोमवार सुबह महेश रावत (55), श्याम बाई अहिरवार (50) और कृष्ण कुमार लोधी की मौत हुई। इससे पहले एयरलिफ्ट कर भोपाल लाए गए राम प्रसाद लोधी की रविवार देर रात मौत हुई थी। उनके पिता गोविंद लोधी की भी रविवार को मौत हो गई थी। रामप्रसाद का छोटा भाई भूरे लोधी सागर में भर्ती है। दोपहर में गूगरा खुर्द निवासी भगवान सिंह (35), खटोरा निवासी गोपाल आदिवासी (40) और मुड़ना पैरा निवासी देश कुमार लोधी की भी मौत हुई।

### शराब पीने के बाद बिगड़ी तबीयत

जहरीली शराब से मरने वाले महेश के भतीजे श्रवण कुमार रावत ने बताया कि चाचा ने रविवार शाम शराब पी थी, जिसके बाद उनकी तबीयत बिगड़ गई। श्याम बाई के बेटे विठ्ठल अहिरवार ने बताया कि मां ने गांव से किसी के जरिए शराब मंगवाकर पी थी। देर रात तबीयत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

### एफआईआर में शराब बनाने और सप्लाई का पूरा नेटवर्क

बंडा थाने की एफआईआर के अनुसार, गांव में अवैध शराब बेचने वालों का नेटवर्क है। 4 सितंबर को अनूप सिंह लोधी अपने भतीजे राजेंद्र लोधी के साथ जुझार लोधी की दुकान पर गया था। यहां उन्हें बरेठी के लाइसेंसी शराब ठेकेदार यशवंत सिंह, मनीष लोधी और बंडा निवासी आशीष साहू से जुड़ी शराब की सप्लाई के बारे में बताया गया। जुझार ने कथित तौर पर कहा कि नया सस्ता ब्रांड बाजार से 20 रुपए कम में मिलेगा। राजेंद्र ने शराब नकली या जहरीली होने की आशंका भी जताई थी। इसके बाद उसने 70 रुपए में एक क्वार्टर खरीदा और पी। रात में तबीयत बिगड़ने के बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



## नोरा फतेही पर एविएशन कंपनी का मानहानि केस

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**

एक एविएशन कंपनी ने बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही के खिलाफ 3 करोड़ रु. का मानहानि का मुकदमा दायर किया है। कंपनी ने उनके अपमानजनक और गैर-जिम्मेदाराना कमेंट्स से साख को नुकसान पहुंचने का दावा किया है। ड्यून्स एविएशन ने यह केस गांधीनगर कोर्ट में दायर किया है। कंपनी के मुताबिक, नोरा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर चार्टर्ड प्लेन का वीडियो शेयर कर उसे छोटा, टॉय और लेगो एयरप्लेन कहा था।

### देश

- पितृपक्ष के दौरान पमरे से स्पेशल ट्रेनों की 12 सेवाएं चलेंगी, जबलपुर, रानीकमलापति स्टेशन से मिलेगा लाभ
- हैदराबाद से जबलपुर आई इंडिगो की इंदौर की फ्लाइट ऐन वक्त पर हुई रद्द, मुसाफिर फंसे, जताई नाराजगी
- सीजेपी कार्यकर्ता हमला मामले में स्वतंत्र भारद्वाज को कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा
- 4 राज्यों में उपचुनाव का ऐलान, 6 अक्टूबर को वोटिंग, रिजल्ट 9 अक्टूबर को, बंगाल की 2 विधानसभा और असम की एक लोकसभा सीट शामिल
- ब्रिक्स देश डिजिटल करेंसी से कारोबार की तैयारी में, छोटे कारोबारियों को बड़ी राहत, बिना कुछ भी गिरवी रखे ब्रिक्स देशों में कारोबार कर पाएंगे
- तेलंगाना विधानसभा में रो पड़े स्पीकर, बीआरएस नेता ने मां को अपशब्द कहे थे, सीएम रेवंत बोले- यह 4 करोड़ लोगों का अपमान

### विदेश

- हजारों फीट हवा में फ्लाइट का ऑयल खत्म, अबू धाबी जा रही एयर इंडिया विमान की कोच्चि में लैंडिंग
- जर्मनी में पहली बार कट्टरपंथी आऊपार्टी ने चुनाव जीता: यूरोप में दक्षिणपंथी पार्टियों का दबदबा बढ़ा, फ्रांस में ले-पेन, ब्रिटेन में नाइजल फराज मजबूत
- रिपोर्ट- ईरानी सुप्रीम लीडर के लंदन वाले दोनों फ्लैट बिकेंगे, लोन नहीं चुका पाने पर बेचने की नौबत, 242 करोड़ का पेंटहाउस 153 करोड़ में बिकेगा

### व्यापार

- ग्रामीण इलाकों में भी 25 दिन में सिलेंडर बुकिंग होगी, अभी 45 दिन में हो रही थी, अब शहर-गांव में एक जैसे नियम
- 9 सितंबर को नहीं आएगा आईफोन 18, प्रो मॉडल और फोल्डेबल फोन ही लॉन्च होने की उम्मीद, चिप महंगी होने से टला बेस मॉडल
- मारुति सुजुकी की कारें 20,000 रु. तक महंगी होंगी, लागत बढ़ने से 4 महीने में तीसरी बार इजाफा, अगस्त में रिकॉर्ड 2.19 लाख गाड़ियां बेचीं

### कार्टून..




## साजिश: आतंकियों ने किया कोर्स, जैश मुख्यालय में दो माह का कोर्स

# एक साथ कई ड्रोन हमले की फिराक में पाकिस्तान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

पड़ोसी देश में साजिश का खुलासा हुआ है। मिली जानकारी के मुताबिक आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय बहावलपुर में दो महीने तक आतंकी प्रशिक्षण शिविर चला था। मरकज सुभान अल्लाह में ड्रोन सेफ हाउस बनाया गया। पाकिस्तान के आतंकी एक साथ कई ड्रोन हमले की फिराक में हैं।


पाकिस्तान के लश्कर-ए-ताइबा और जैश-ए-मोहम्मद आतंकी संगठनों ने अब एक साथ दर्जनों ड्रोन उड़ाने और बड़े ड्रोन हमले की साजिश रचनी शुरू कर दी है। पाकिस्तान में कई जगहों पर इन संगठनों से जुड़े आतंकियों को एक साथ दर्जनों ड्रोन चलाने तथा इनके जरिये निगरानी और हमले की दो महीने तक ट्रेनिंग दी गई है।

खुफिया एजेंसियों को मिले इनपुट के अनुसार आतंकियों को सामान्य व्यावसायिक ड्रोन के संचालन से लेकर भविष्य में एक साथ कई ड्रोन से हमले के लिए तैयार किया जा रहा है। अमृतसर के आसमान में बीती रात कई ड्रोन देखे जाने की सूचना के बाद कई उड़ानें रद्द और कुछ डायवर्ट करनी पड़ीं। ये ड्रोन पाकिस्तान से आए थे या स्थानीय स्तर पर उड़ाए गए इसकी जांच सुरक्षा और जांच एजेंसियां कर रही हैं। हालांकि खुफिया एजेंसियों के इनपुट से यह स्पष्ट है कि पाकिस्तान में आतंकियों के हाथ बड़ी संख्या में ड्रोन लग चुके हैं और उन्हें इन्हें चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

### पाकिस्तानी सेना के वीडियो में भारतीय संसद पर हमला, एयरबेस-विमान तबाह करने का दावा

#### यूजर्स बोले- हकीकत में जीत नहीं पाए, इसलिए एआई वीडियो बनाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद**



पाकिस्तानी सेना ने मई 2025 में भारत के साथ हुए संघर्ष को लेकर एक नया वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में भारत की संसद पर हमला होते हुए दिखाया गया है। साथ ही, इसमें दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने भारत के 32 एयरफोर्स बेस पर हमला किया, 8 भारतीय विमान गिराए और 2 स-400 एयर डिफेंस सिस्टम नष्ट किए। वीडियो वायरल होते ही सोशल मीडिया पर इसका मजाक बनने लगा। एक यूजर्स ने कहा कि वे हकीकत में नहीं जीत पाए तो एआई का सहारा लेना पड़ा। वहीं दूसरे ने सवाल किया कि अगर इतनी बड़ी जीत हुई है तो सैटेलाइट तस्वीरें कहां हैं, क्यों सिर्फ ग्राफिक्स पर निर्भर रहना पड़ रहा है। पाकिस्तान ने 32 भारतीय एयरबेस को निशाना बनाने का दावा तो किया है, लेकिन वीडियो में इसके समर्थन में सैटेलाइट तस्वीरें या हमले के पहले और बाद की तस्वीरें नहीं दिखाई गई हैं। रनवे के नुकसान या नष्ट हुए हैंगर की ऐसी तस्वीरें भी नहीं हैं।

### मरकज में दी जा रही थी ट्रेनिंग

खुफिया सूत्रों के अनुसार यह गतिविधि किसी एक स्थान तक सीमित नहीं है। पाकिस्तान में अलग-अलग ठिकानों पर आतंकियों को बड़े ड्रोन हमले के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। मिली खुफिया जानकारी के मुताबिक तीन सितंबर को बहावलपुर में ड्रोन स्वॉर्म अटैक की दो महीने की ट्रेनिंग पूरी हुई। यह प्रशिक्षण जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों को दिया जा रहा था।

### एक ड्रोन से स्वॉर्म अटैक तक की तैयारी

पाकिस्तान में आईएसआई और पाकिस्तानी सेना की सरपरस्ती में आतंकियों को ड्रोन संचालन की ट्रेनिंग दिया जाना बेहद खतरनाक है। रक्षा विशेषज्ञ सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर एचएस चड्ढा के अनुसार चिंता इसलिए है कि आतंकी संगठन अब केवल एक ड्रोन उड़ाने तक सीमित रहने के बजाय एक साथ कई ड्रोन के इस्तेमाल यानी स्वॉर्म अटैक की कोशिश कर सकते हैं।

# दिल्ली पीजी हादसा- राजधानी की सभी इमारतों की जांच होगी

## एमसीडी ने 3 दिन में रिपोर्ट मांगी, 28 लाख में सिर्फ 19 बिल्डिंग खतरनाक मिली थीं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

दिल्ली में सत्य निकेतन बिल्डिंग हादसे के बाद नगर निगम ने पूरी दिल्ली में इमारतों की जांच के आदेश दिए हैं। एमसीडी ने सभी जोन के एग्जीक्यूटिव इंजीनियरों (बिल्डिंग) से अपने क्षेत्र की इमारतों का निरीक्षण कर 10 सितंबर तक रिपोर्ट देने को कहा है।

सत्य निकेतन में रविवार को एक बिल्डिंग गिरने से 7 लोगों की मौत हुई थी और 6 लोग घायल हुए थे। इसी हादसे के बाद यह आदेश जारी किया गया है। जांच के दौरान जुटाई गई जानकारी को दिल्ली हाईकोर्ट में 10 दिन के भीतर दाखिल किए जाने वाले हलफनामे में शामिल किया जाएगा। सुनवाई 25 सितंबर को होगी। इधर, एमसीडी के मुताबिक इस साल की शुरूआत में हुए एक सर्वे में 27 लाख 84 हजार 286 इमारतों का सर्वे किया गया, जिनमें से केवल 19 खतरनाक पाई गईं थीं।

### 3 आरोपी गिरफ्तार, दंपती 14 दिन की रिमांड पर

- पुलिस के मुताबिक, सत्य निकेतन में पांच मंजिला बिल्डिंग गिरने के मामले में प्रॉपर्टी मालिक उर्मिला गुप्ता, उनके पति हरिराम गुप्ता और बेटे महेश गुप्ता को गिरफ्तार किया गया है।
- पुलिस ने बताया कि प्रॉपर्टी उर्मिला गुप्ता के नाम पर रजिस्टर्ड है, लेकिन इसका प्रबंधन और संचालन उनके पति और बेटे के पास था।
- सोमवार रात इन तीनों को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया। जस्टिस भव्य खराल ने हरिराम और उर्मिला को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में, जबकि महेश को 2 दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है।
- पुलिस ने पीजी संचालकों और लेबर कॉन्ट्रैक्टर को पकड़ने के लिए भी तलाश शुरू कर दी है। उनकी भूमिका की जांच की जाएगी।

# भारतीय सेना को मिलेंगे घातक हथियार

## डीएसी ने 1.10 लाख करोड़ रुपए के रक्षा सौदों को दी मंजूरी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

देश की सैन्य ताकत को नई बुलंदियों पर ले जाने के लिए रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) ने सोमवार को एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए लगभग 1.10 लाख करोड़ रुपये के रक्षा खरीद प्रस्तावों को अंतिम मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस उच्चस्तरीय बैठक में भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेना की सामरिक व ऑपरेशनल जरूरतों से जुड़े कई अहम सौदों पर मुहर लगाई गई। आत्मनिर्भर भारत अभियान को बड़ा बढ़ावा देते हुए इस पूरी खरीद का लगभग 98 फीसदी हिस्सा घरेलू भारतीय उद्योगों से ही खरीदा जाएगा, जिससे विदेशी निर्भरता में भारी कमी आएगी।

काउंसिल ने भारतीय थल सेना की मारक व सुरक्षा क्षमता बढ़ाने के लिए केमिकल, बायोलॉजिकल, रेडियोलॉजिकल और न्यूक्लियर टोही वाहनों की खरीद को मंजूरी दी है। ये अत्याधुनिक वाहन किसी भी दूषित या परमाणु-रासायनिक हमले वाले क्षेत्रों की तत्काल पहचान, निगरानी और मार्किंग में सक्षम होंगे। इसके साथ ही सेना के लिए हाई मोबिलिटी वाहन, सेल्फ-प्रोपेल्ड मैकेनिकल माइन लेयर्स, एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर्स और ट्रॉल टैंकों की खरीद को भी हरी झंडी दी गई है।

# बिहार के 13 जिलों में बाढ़, 27 लाख लोग प्रभावित

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

बिहार में गंगा, कोसी, गंडक, बूढ़ी गंडक, पुनपुन और बागमती नदियों के उफान से बाढ़ की स्थिति बन गई है। राज्य के 13 जिलों में 27 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ के कारण अब तक 20 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। उत्तरकाशी में लैंडस्लाइड के कारण मनेरी-भटवाड़ी हाईवे पर यातायात प्रभावित हुआ। वहीं, हिमाचल में शिमला-किन्नौर नेशनल हाईवे-5 पर आज सुबह करीब 5 बजे भारी लैंडस्लाइड हुआ और देवदार का बड़ा पेड़ भी गिर गया।

## प्याज की बढ़ती कीमतों पर सरकार का बड़ा दांव

# 10 दिन में 4000 टन बफर स्टॉक खपाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

त्योहारी मौसम से पहले प्याज की बढ़ती कीमतों ने केंद्र सरकार की चिंता बढ़ा दी है। उपभोक्ताओं को राहत देने और बाजार में अचानक आई तेजी पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र ने अपने बफर भंडार से प्याज की बिक्री तेज कर दी है। सरकार ने रियायती दर पर बिक्री शुरू होने के पहले 10 दिनों में ही 17 शहरों में करीब 4,000 टन बफर प्याज बेच दिया है।

**फिर भी देशभर में भाव बढ़े**

चुनिंदा शहरों में यह प्याज 35 रुपये प्रति किलोग्राम की रियायती दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके बावजूद तस्वीर पूरी तरह सरकार के पक्ष में नहीं है। पांच सितंबर तक देश में प्याज का औसत खुदरा भाव 50.79 रुपये प्रति किलो पहुंच गया, जबकि 28 अगस्त को सरकारी रियायती बिक्री शुरू होने के समय यह 48.50 रुपये प्रति किलो था।

### सरकार के पास 1.21 लाख टन का बफर

केंद्र सरकार ने 2026 के लिए करीब 1.21 लाख टन प्याज का बफर भंडार तैयार किया है। इसे भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ के माध्यम से बाजार में उतारा जा रहा है। सरकार का उद्देश्य उन शहरों और बाजारों में तत्काल आपूर्ति बढ़ाना है जहां कीमतों में असामान्य तेजी दिखाई दे रही है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार, बफर प्याज को उत्पादक राज्यों से प्रमुख खपत केंद्रों तक पहुंचाने के लिए रेल और सड़क दोनों माध्यमों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके लिए विशेष रेल सेवा कांदा एक्सप्रेस चलाई जा रही है। दिल्ली और चेन्नई तक इसकी खेप पहुंच चुकी है, जबकि तीसरी खेप गुवाहाटी भेजने की तैयारी की जा रही है।

## नेपाल बाढ़- 7 सुरंगों में फंसे कर्मचारियों की तलाश जारी

# अब तक 13 हजार से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू, 5 हजार अब भी लापता

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ काठमांडू**

नेपाल में आई बाढ़ के 13 दिन बाद भी राहत और बचाव अभियान जारी है। रेस्क्यू टीम अलग-अलग 7 हाईड्रोपॉवर प्रोजेक्ट्स की सुरंगों में फंसे कर्मचारियों की तलाश कर रही हैं।

अब तक 13 हजार से ज्यादा लोगों को बचाया जा चुका है, जबकि 4894 लोग अब भी लापता हैं। इनमें 587 विदेशी नागरिक शामिल हैं। पहाड़ी इलाकों, टूटे रास्तों और भारी मलबे के कारण बचाव अभियान में कई मुश्किलें आ रही हैं। नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से 1,356 लोगों की मौत हुई है। वहीं तिब्बत में 43 लोगों की मौत हुई है और 519 लापता हैं।

नेपाल ने बाढ़ से हुए नुकसान के लिए 2 करोड़ डॉलर (लगभग 189 करोड़ रुपए) का मुआवजा मांगा है। नेपाल के विदेश मंत्री शिशिर खनाल ने ब्रिटिश अखबार द गार्डियन को दिए इंटरव्यू में कहा कि, जिन देशों के ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन से जलवायु परिवर्तन बढ़ रहा है, उन्हें अब मदद के लिए आगे आना चाहिए।

नेपाल का कहना है कि वह दुनिया के कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 0.1% से भी कम योगदान करता है। इसके बावजूद जलवायु परिवर्तन का असर उस पर काफी ज्यादा पड़ रहा है। यहां तापमान दुनिया के औसत तापमान से करीब 50% ज्यादा तेजी से बढ़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र की 2023 की रिपोर्ट के मुताबिक, 30 साल में नेपाल के पहाड़ों ने करीब एक-तिहाई बर्फ खो दी है।

### 7 हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

- लांगटांग हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट - सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी।
- चिलिमे हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट (22एमडब्ल्यू) - नेपाली और भारतीय सेना की टीम करीब 115 मीटर अंदर सुरंग में पहुंची।
- अपर त्रिशूली-1 (216एमडब्ल्यू) - सुरंग में करीब 400 मीटर अंदर तक तलाशी ली गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।
- मेलुंग खोला (5एमडब्ल्यू) - करीब 1 किमी के दायरे में ड्रोन से तलाशी ली गई।
- त्रिशूली-3ए (60एमडब्ल्यू) - सुरंग और पावर हाउस में तलाश जारी।

### लापता भारतीयों के परिजनों से डीएनए सैंपल मांगे गए

तिब्बत-नेपाल में 26 अगस्त को आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद कुछ भारतीय नागरिक अभी भी लापता हैं। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने इन लापता लोगों के परिवारों से डीएनए सैंपल जमा करने को कहा है, ताकि चीनी अधिकारी बरामद शवों की पहचान कर सकें।

# ट्रम्प को रेयर-अर्थ मिनरल नहीं भेज पा रहा पाकिस्तान

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का ड्रीम प्रोजेक्ट अटक गया है। पाकिस्तान से रेअर अर्थ मिनरल (दुर्लभ खनिज) की अगस्त में प्रस्तावित खेप अमेरिका रवाना नहीं हो सकी। इसके बाद कराची और इस्लामाबाद में अमेरिकी कंपनी यूएस स्ट्रेटेजिक मेटल्स के दफ्तरों में काम बंद हो गया है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रेअर अर्थ मिनरल की खदानों वाले इलाकों में विद्रोही संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के हमलों से अमेरिकी कंपनी के लिए काम करना मुश्किल हो गया है। बलूच विद्रोहियों ने चागई जिले में रेको दिक खदान तक जाने वाली सड़कों को जाम कर दिया है। आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने सितंबर 2025 में वाइट हाउस में स्टोन शो किया था। उन्होंने लकड़ी का एक बॉक्स ट्रम्प को दिखाया था, जिसमें रंग-बिरंगे पत्थर (मिनरल स्पेसिमेन) रखे थे। इन्हें देखकर ट्रम्प बेहद खुश हुए थे।



## खबर एक नजर...

### डीएनएस बैंक के 56वें स्थापना दिवस पर शाखा में विशेष आयोजन

**उज्जैन।** डीएनएस बैंक के 56वें स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय शाखा में विशेष आयोजन किया गया। इस दौरान शाखा में 250 से अधिक ग्राहक उपस्थित रहे। अवसर पर ग्राहकों ने महाराष्ट्र बैंक फेडरेशन द्वारा डीएनएस बैंक को प्राप्त द्वितीय पुरस्कार के लिए बैंक परिवार को शुभकामनाएं और बधाई दी। आयोजन में ग्राहकों के स्वागत के लिए शाखा प्रबंधक सारंग देशपांडे, सहायक शाखा प्रबंधक विवेक सिंह एवं समस्त शाखा कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में माधव सेवा न्यास के अध्यक्ष बलराज भट्ट, लोकमान्य तिलक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गिरिश जोशी तथा राजेश एवं राजश्री जोशी सहित शहर के अनेक गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस दौरान उपस्थित ग्राहकों को बैंक के विभिन्न उत्पादों एवं सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा जलपान कराया गया। अंत में शाखा परिवार ने सभी ग्राहकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 56 वर्षों से ग्राहकों का विश्वास एवं सहयोग ही डीएनएस बैंक की सबसे बड़ी ताकत है। बैंक भविष्य में भी बेहतर एवं आधुनिक बैंकिंग सेवाएं प्रदान करने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

### सिने अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी ने किया स्वामी मुस्कुराके का बहुमान

**उज्जैन।** विनय उजाला समूह द्वारा आयोजित 13वें राष्ट्रीय गौरव सम्मान समारोह में राष्ट्रपति अलंकरण से सम्मानित स्वामी मुस्कुराके शैलेंद्र व्यास का सिने अभिनेत्री पद्मिनी कोल्हापुरी ने शॉल, श्रीफल और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मान किया। उन्हें यह सम्मान श्रेष्ठ संचालन और सूत्रधार की भूमिका के सफल निर्वहन के लिए दिया गया। इस समारोह में देश और प्रदेश की कई अन्य हस्तियों को भी विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेस क्लब अध्यक्ष नंदलाल यादव ने की।

### शरद स्मृति प्रसंग में साहित्यकार श्रीराम दवे का सारस्वत सम्मान

**उज्जैन।** बैंकर्स साहित्यिक संस्था प्राची के तत्वावधान में 'शरद स्मृति प्रसंग' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार श्रीराम दवे का सारस्वत सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए व्यंग्यकार शशांक दुबे ने व्यंग्य पाठ किया। मुख्य अतिथि व्यंग्यकार पिलकेंद्र अरोरा ने कहा कि शरद जोशी व्यंग्य की महान विरासत हैं और इसका सम्मान करना हमारी संस्कृति का सम्मान है।कार्यक्रम संयोजक यू एस छाबड़ा ने शरद जोशी के व्यंग्य को आज भी प्रासंगिक बताया। सम्मानित होने पर श्रीराम दवे ने शरद जोशी का स्मरण करते हुए समाज की विसंगतियों पर कविताएं सुनाईं। उनका साहित्यिक परिचय रविन्द्र जेठवा ने दिया। संस्था अध्यक्ष मानसिंह शरद ने स्वागत भाषण दिया और अपनी लघुकथा का पाठ किया।

### कस्तूरबा गांधी छात्रावास में 100 बालिकाओं का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

**उज्जैन।** शुभ संदेश सामाजिक कल्याण समिति और रेडक्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में कस्तूरबा गांधी छात्रावास में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में छात्रावास की 100 बालिकाओं के हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप और थायरॉइड की जांच कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया गया।समिति की उपाध्यक्ष प्रीति गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अग्रवाल महिला मंडल की अध्यक्ष ममता अग्रवाल और भारतीय जैन संघटना की केंद्रीय समिति सदस्य अमिता जैन उपस्थित रहीं। अतिथियों ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है,

### आयुर्वेद चिकित्सालय में स्वर्णप्राशन कार्यक्रम

**उज्जैन।** शासकीय धन्वन्तरि आयुर्वेद चिकित्सा महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. ओ.पी. व्यास ने बताया कि चिकित्सालय के शिशु एवं बालरोग विभाग के अंतर्गत 08 सितम्बर- को प्रातः 9ः बजे से दोपहर 1ः बजे तक जन्म से लेकर 10 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाएगा। शिशु के बुद्धि व बलवर्धन तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये एवं बार-बार होने वाले संक्रामक रोगों से बचाव के लिए अपने बच्चों का स्वर्णप्राशन अवश्य करावें। आयुर्वेद के ग्रन्थों में बच्चो के स्वास्थ्य संवर्धन के लिये स्वर्णप्राशन का अत्यधिक महत्व बताया गया है उक्त जानकारी डॉ. प्रकाश जोशी ने दी ।

---


#### उज्जैन में खड़े हनुमान प्रतिमा पर पुराविद का दावा

# राजा भोज काल के बेसाल्ट पत्थर से बनी है मूर्ति, एएसआई की मदद लेने की सलाह

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन के कंठाल चौराहा से छत्री चौक तक सड़क चौड़ीकरण की जद में आए प्राचीन खड़े हनुमान मंदिर की प्रतिमा को सुरक्षित विस्थापित करने का मामला चर्चा में है। बीते पांच दिनों से प्रशासन प्रतिमा को हटाने का प्रयास कर रहा है, लेकिन वह अभी भी अपने स्थान पर है। मंदिर का भवन तोड़ा जा चुका है और प्रतिमा को फिलहाल कैनोपी टेंट लगाकर सुरक्षित रखा गया है। इस बीच विक्रम विश्वविद्यालय के पुरातत्व विशेषज्ञ प्रो. डॉ. रमण सोलंकी ने दावा किया है कि यह प्रतिमा मालवा के बेसाल्ट पत्थर से बनी है। उनके अनुसार, यह करीब एक हजार साल पुरानी राजा भोज काल की प्रतिमा निर्माण परंपरा से जुड़ी हो सकती है।

पुराविदों का कहना है कि यह प्रतिमा वास्तव में कितनी पुरानी है और इसकी स्थापना कब की गई थी, इसका सटीक पता लगाने के लिए वैज्ञानिक जांच जरूरी है।



### सिंदूर के पीछे दिख रहा मालवा का बेसाल्ट



डॉ. सोलंकी के अनुसार, प्रतिमा पर अधिक सिंदूर चढ़े होने के कारण इसकी मूल भाव-भंगिमा पूरी तरह स्पष्ट नहीं होती। हालांकि, पीछे दिखाई दे रहा पत्थर मालवा का बेसाल्ट है। उन्होंने बताया कि परमार काल और राजा भोज के समय इस तरह के मजबूत बेसाल्ट पत्थर पर मूर्तियां तराशने का चलन था। हालांकि, प्रतिमा की सटीक आयु और स्थापना के समय का पता लगाने के लिए वैज्ञानिक परीक्षण और विशेषज्ञ जांच जरूरी है।

### छोटा सराफा से शिप्रा तक ऐतिहासिक क्षेत्र

पुराविद ने बताया कि मंदिर का स्थान ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। छोटा सराफा, बड़ा सराफा, नमक मंडी, गोपाल मंदिर, दानी गेट और शिप्रा नदी का यह क्षेत्र प्राचीन उज्जयिनी के महत्वपूर्ण हिस्सों में रहा है। यह क्षेत्र सिंधिया राजवंश के करीब 300 साल पुराने इतिहास, राजा भोज काल के चौबीस खंभा क्षेत्र और बाद के दौर में बने सती गेट की विरासत से जुड़ा है।

### एएसआई की तकनीक से हो सुरक्षित विस्थापन

प्रतिमा को हटाने की प्रक्रिया पर डॉ. सोलंकी ने कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण और मध्यप्रदेश पुरातत्व विभाग के पास पुरानी संरचनाओं को सुरक्षित तरीके से स्थानांतरित करने की विशेषज्ञता है। वैज्ञानिक तकनीक अपनाकर मूर्ति को बिना नुकसान पहुंचाए स्थानांतरित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सनातन परंपरा में प्राण-प्रतिष्ठित प्रतिमा का धार्मिक महत्व होता है, इसलिए भक्तों की भावनाओं का भी ध्यान रखा जाना चाहिए। फिलहाल प्रतिमा अपने स्थान पर है और इसके सुरक्षित विस्थापन के साथ वैज्ञानिक जांच की जरूरत बताई जा रही है।

---

# गोवत्स द्वादशी पर की गौ-वत्स की पूजा





**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

भाद्रपद माह की द्वादशी पर मंगलवार को शहर में श्रद्धा और आस्था के साथ गोवत्स द्वादशी मनाई गई। इस अवसर पर महिलाओं ने गाय और बछड़े की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर अपनी संतान की सुख-समृद्धि, सुरक्षा और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। सनातन धर्म में गोवत्स द्वादशी का विशेष धार्मिक महत्व माना गया है। मान्यता है कि गाय के शरीर में सभी देवी-देवताओं का वास होता है। इसलिए गौ माता की पूजा करने से सभी देवताओं की पूजा का पुण्य प्राप्त होता है।

महिलाओं ने गाय और बछड़े को रोली, कुमकुम एवं हल्दी लगाई तथा चने की दाल और जौ खिलाकर पूजा-अर्चना की। कई महिलाओं ने इस अवसर पर उपवास भी रखा और गौ माता से अपनी संतान के सुखी, स्वस्थ एवं सुरक्षित जीवन की प्रार्थना की। कुछ घरों में महिलाओं ने मिट्टी से गाय और बछड़े की प्रतिमा बनाकर उनका पूजन किया। गौ माता को लाल एवं केसरिया रंग की चुनरी भी ओढ़ाई गई। श्रद्धालुओं ने गौ माता से परिवार की खुशहाली और संतान के मंगलमय भविष्य की कामना की। गोवत्स द्वादशी के अवसर पर शहर के विभिन्न क्षेत्रों में दिनभर धार्मिक वातावरण बना रहा और महिलाओं ने परंपरागत श्रद्धा एवं आस्था के साथ गौ-पूजन किया।

### सांची लगाएगा नया डेयरी प्लांट

उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ को देखते हुए सांची ने तैयारी शुरू कर दी है। सिंहस्थ के दौरान आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की दूध और दुग्ध उत्पादों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए उज्जैन में सांची का नया डेयरी प्रोसेसिंग प्लांट लगाया जाएगा। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) के चेयरमैन मिनेश शाह ने सांची की नई ब्रांड पहचान लॉन्च करते समय यह जानकारी दी। मिनेश शाह ने उज्जैन के एक निजी होटल में हुए कार्यक्रम में बताया कि उज्जैन में पहले से एक डेयरी प्लांट चल रहा है। हालांकि, वह पुराना है और उसकी प्रोसेसिंग क्षमता कम है। मध्यप्रदेश सरकार की कैबिनेट ने डेयरी डेवलपमेंट प्लान को मंजूरी दी है।

## छात्रों की गूंज को लेकर 3 दिन में 2000 रजिस्ट्रेशन

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

राहुल गांधी के कार्यक्रम छात्रों की गूंज को लेकर उज्जैन में भी तैयारियां शुरू हो गई है। 19 सितंबर को होने वाले इस कार्यक्रम में उज्जैन एनएसयूआई और युवा कांग्रेस द्वारा तीन दिन में 2000 छात्रों के रजिस्ट्रेशन करवाए जा चुके हैं। एनएसयूआई शहर अध्यक्ष हिमांशु शुक्ल ने बताया कि इस कार्यक्रम से छात्रों को जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, उनकी असल समस्याओं के बारे में चर्चा कर उनके समाधान को खोजा जाएगा।

इस कार्यक्रम से छात्रों को जोड़ने के लिए अलग-अलग कॉलेज और संस्थाओं में स्टूडेंट्स से मिलकर उन्हें कार्यक्रम के बारे में समझाया जाएगा। मंगलवार को एक बड़ी बैठक होना है, इसके बाद मिले निर्देशों के हिसाब से काम किया जाएगा। फिलहाल 2000 से ज्यादा स्टूडेंट्स रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। उन्होंने बताया कि छात्रों की गूंज कार्यक्रम के बारे में बच्चों को जानकारी देने के लिए छात्र संवाद किया जाएगा। इनमें उज्जैन शहर और आस-पास के कॉलेजों के बच्चों को आमंत्रित किया जाएगा और कार्यक्रम की जानकारी दी जाएगी।

#### 10 सितंबर को उज्जैन कलेक्ट्रेट का घेराव

## दूध के सरकारी भाव से नाराज किसान करेंगे प्रदर्शन:प्रति फैट 3.60 रुपए बढ़ाने की मांग

### अभी 8.40 रुपए, 12 रुपए की मांग

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन जिले की महिदपुर तहसील में दूध के सरकारी भाव को लेकर किसानों ने मोर्चा खोल दिया है। प्रति फैट 3.60 रुपए बढ़ाने की मांग को लेकर रविवार रात महिदपुर, नागदा, उन्हेल, खाचरौद और माकड़ोन क्षेत्र के दूध उत्पादक किसानों की बैठक हुई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि मांग को लेकर 10 सितंबर को दोपहर 12 बजे बड़ी संख्या में किसान उज्जैन कलेक्टर कार्यालय पहुंचेंगे। यहां कलेक्ट्रेट का घेराव कर प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

महासभा से जुड़े भगवान सिंह ने बताया कि सम्मेलन में उज्जैन और आसपास के क्षेत्रों से आए किसानों ने पशुपालन की बढ़ती लागत और महंगाई को लेकर नाराजगी जताई। किसानों का कहना है कि शासन द्वारा दूध का सरकारी रेट अभी 8.40 रुपए प्रति फैट दिया जा रहा है। किसान इसे बढ़ाकर 12 रुपए प्रति फैट करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि मौजूदा भाव में पशुपालन का खर्च निकालना भी



मुश्किल हो रहा है।

### पशु आहार और दवाइयों की लागत बढ़ी

किसानों के अनुसार, खल, तेल, पशु आहार, दवाइयों और दुधारू पशुओं की कीमतों में लगातार बढ़ोतरी हुई है। लागत बढ़ने के बावजूद दूध का उचित दाम नहीं मिलने से पशुपालकों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। किसानों ने जिला प्रशासन और शासन को चेतावनी दी है कि 10 सितंबर को कलेक्ट्रेट में ज्ञापन सौंपने के बाद भी मांग पर ठोस निर्णय नहीं हुआ, तो आंदोलन को चरणबद्ध तरीके से और तेज किया जाएगा।

---

## महाकाल पुजारी के स्वास्थ्य मे सुधार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

श्री महाकालेश्वर मंदिर में बाबा महाकाल की संध्या आरती के दौरान अचानक अस्वस्थ हुए पुजारी आशीष शर्मा के स्वास्थ्य में अब सुधार है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक श्रम और उमस भरे मौसम के कारण गर्भगृह में उन्हें अचानक घबराहट और चक्कर आने लगे थे।

आशीष शर्मा ने दैनिक ब्रह्मास्त्र को बताया कि संध्या आरती के दौरान अचानक बेचैनी महसूस होने पर उनके साथी पुजारियों ने उन्हें संभाला और ग्रीन रूम में ले गए। इसके बाद उन्हें आवश्यक आराम दिया गया। उन्होंने बताया कि लगातार करीब छह घंटे तक महाकाल की सवारी के साथ चलने तथा मौसम के उतार-चढ़ाव के कारण शरीर में थकान और बेचैनी महसूस होने लगी



थी। हालांकि अब उनकी तबीयत में काफी सुधार है और वे स्वयं को पहले से बेहतर महसूस कर रहे हैं। पुजारी आशीष शर्मा ने बताया कि फिलहाल उन्हें आराम की आवश्यकता है और स्वास्थ्य में लगातार सुधार हो रहा है।

## महाकाल की शाही सवारी में 39 साल से नंगे पैर शामिल हो रहे मिलिंद पन्हालकर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

महाकालेश्वर की श्रावण-भादौ मास में निकलने वाली शाही सवारी में इस सोमवार को मिलिंद पन्हालकर शामिल होंगे। इसके साथ ही महाकाल की सवारी में उनकी निरंतर सेवा के 39 वर्ष पूरे हो जाएंगे। वे 1987 से लगातार सवारी में शामिल हो रहे हैं। मिलिंद पन्हालकर 1987 में अपनी सगाई की चर्चा के लिए उज्जैन आए थे। महाकाल के प्रति आस्था के कारण वे उज्जैन में ही बस गए और शासकीय सेवा में पदस्थ हुए। वे 2004 से बाल सहायता प्रकोष्ठ अअवि उज्जैन में आरक्षक के पद पर पदस्थ हैं। शाही सवारी के साथ वे हमेशा बगैर जूते-चप्पल के चलते हैं और सोमवार को उपवास रखते हैं।

#### महाकाल के दरबार में अखाड़ा परिषद के महामंत्री श्रीमहंत हरि गिरि जी महाराज

## नासिक तथा उज्जैन महाकुंभ की सफलता के लिए की प्रार्थना

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री एवं श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय संरक्षक श्रीमहंत हरि गिरि जी महाराज ने सोमवार को श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में विशेष पंचामृत अभिषेक एवं पूजा-अर्चना की। भगवान महाकाल का दूध, दही, घी, शर्करा और शहद से पंचामृत अभिषेक कर उन्होंने देश में सनातन संस्कृति के सबसे बड़े पर्व महाकुंभ के निर्विघ्न, शांतिपूर्ण और दिव्य-भव्य आयोजन की कामना की। मंदिर के पुजारियों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन संपन्न कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में संत-महात्मा और श्रद्धालु उपस्थित रहे।



बता दें कि 2027 में हरिद्वार और नासिक में तथा 2028 में उज्जैन में सिंहस्थ महाकुंभ का आयोजन होना है। इससे पूर्व श्रावण मास में सन्यास परंपरा के अनुसार हरिद्वार में चातुर्मास प्रवास के दौरान उन्होंने कुंभ मेले की सफलता के लिए विशेष अनुष्ठान, रुद्राभिषेक और हवन-पूजन किया था। अपने हरिद्वार प्रवास के दौरान उन्होंने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी तथा कुंभ मेला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर मेले की व्यवस्थाओं, अखाड़ों के लिए भूमि आवंटन, संतों की सुविधाओं और भीड़ प्रबंधन को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए थे।

---

#### फुटपाथ पर अतिक्रमण, आने-जाने वाले राहगिरों को हो रहे परेशानी, मजबूरी में लोगों को सड़क पर चलना पड़ता है

# कॉसम मॉल के पीछे अलकनंदा नगर की सड़कें हुई बदहाल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

शहर के अलकनंदा नगर क्षेत्र में कॉसम मॉल के पीछे स्थित कॉलोनी की सड़कें इन दिनों बदहाल स्थिति में हैं। कॉलोनी की कई सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे रहवासियों और वाहन चालकों को प्रतिदिन परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं क्षेत्र के फुटपाथों पर लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण ने आम नागरिकों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

स्थानीय रहवासियों के अनुसार बारिश और लंबे समय से सड़कों की उचित मरम्मत नहीं होने के कारण सड़कें जगह-जगह से उखड़ गई हैं। गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो जाता है। ऐसे में दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। रात के समय यह समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। रहवासियों का कहना है कि कॉलोनी की सड़कें लंबे समय से मरम्मत की मांग कर रही हैं, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा इस दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही है। सड़क पर बने गड्ढों के कारण बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को आने-जाने में परेशानी उठानी पड़ रही है। कई स्थानों पर वाहन चालकों को गड्ढों से बचने के लिए सड़क के किनारे से निकलना पड़ता है।

क्षेत्र की दूसरी बड़ी समस्या फुटपाथ पर बढ़ता अतिक्रमण है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि फुटपाथों पर विभिन्न प्रकार का सामान रखे जाने और अस्थायी कब्जे किए जाने के कारण पैदल चलने वालों के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची है। मजबूरी में लोगों को सड़क पर चलना पड़ता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। फुटपाथ मूल रूप से पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए जाते हैं, लेकिन अतिक्रमण के कारण उनका उपयोग प्रभावित हो रहा है। रहवासियों ने नगर निगम से मांग की है कि क्षेत्र का निरीक्षण कर फुटपाथ से अतिक्रमण हटाया जाए और पैदल यात्रियों के लिए रास्ता सुगम बनाया जाए।










### नगर निगम से कार्रवाई की मांग

क्षेत्रवासियों ने नगर निगम के अधिकारियों से मांग की है कि कॉसम मॉल के पीछे स्थित अलकनंदा नगर कॉलोनी की सड़कों का शीघ्र सर्वे कर गड्ढों को भरवाया जाए और क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराई जाए। साथ ही फुटपाथों पर किए गए अतिक्रमण को हटाकर आम नागरिकों के लिए सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। रहवासियों का कहना है कि यदि समय रहते सड़कों की मरम्मत और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं की गई तो आगामी दिनों में दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ सकती है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम प्रशासन से इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान की मांग की है।

उज्जैन
मंगलवार
08
सितम्बर, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
धीर्विद्या सत्यमक्रोधो, दशकं धर्म लक्षणम्।।

**अर्थः** इस श्लोक में धर्म के दस लक्षण बताए गए हैं- धृति, क्षमा, दमाह, अस्तेय, शौच, इंद्रियनिग्रह, धीह, विद्या, सत्यं, क्रोध।

## खबर एक नजर...

### लोक अदालत 12 को, 50 हजार तक बकाया संपत्तिकर पर पूरा सरचार्ज माफ

**इंदौर।** संपत्ति कर और जलकर का बकाया जमा करने वाले करदाताओं के लिए 12 सितंबर को नेशनल लोक अदालत लगाई जाएगी। निगम के 22 जोनल कार्यालय, रजिस्ट्रार कार्यालय और निगम मुख्यालय में आयोजित होने वाली लोक अदालत में बकाया राशि जमा करने पर सरचार्ज में 100% तक की छूट मिलेगी। संपत्ति कर में 50 हजार रुपए तक के बकाया पर पूरा सरचार्ज माफ होगा, जबकि जलकर में 10 हजार रुपए तक के बकाया पर 100% छूट दी जाएगी। वहीं, वर्ष 2026-27 का अग्रिम संपत्ति कर जमा करने पर 6.25% और जल कर पर 6% की छूट का भी प्रावधान है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, आयुक्त क्षितिज सिंघल और राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने बताया करदाताओं की सुविधा के लिए सभी जोनल कार्यालय, रजिस्ट्रार कार्यालय और निगम मुख्यालय स्थित राजस्व विभाग में लोगों के लिए बैठक, पेयजल, पंखे, कूलर की व्यवस्था रहेगी। 50 हजार रुपए तक कर और सरचार्ज बकाया होने पर सरचार्ज में 100% तक छूट। 50 हजार से 1 लाख रुपए तक बकाया होने पर सरचार्ज में 50% तक छूट। 01 लाख रुपए से अधिक बकाया होने पर सरचार्ज में 25% तक छूट। 10 हजार रुपए तक जलकर व सरचार्ज बकाया होने पर सरचार्ज में 100% तक छूट। 10 हजार से 50 हजार रुपए तक बकाया होने पर सरचार्ज में 75% तक छूट। 50 हजार रुपए से अधिक बकाया होने पर सरचार्ज में 50% तक छूट।

### देवास-इंदौर बस में नशे में मिले ड्रायवर-क्लीनर

**इंदौर।** देवास से इंदौर आ रही एक बस के ड्रायवर और क्लीनर के शराब के नशे में होने और यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार करने की सूचना पर यातायात पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। सूचना मिलते ही वायरलेस के जरिए कंट्रोल रूम को जानकारी दी गई। इसके बाद खजराना पुलिस ने रोबोट चौराहे पर बस को रुकवाकर ड्रायवर और क्लीनर को नीचे उतारा। पुलिस ने बस जब्त कर दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। यातायात पुलिस के प्रधान आरक्षक रितेश मंडलोई को सूचना मिली थी कि देवास से इंदौर आ रही बस का ड्रायवर और क्लीनर शराब के नशे में हैं और यात्रियों के साथ अभद्र व्यवहार कर रहे हैं। सूचना के आधार पर खजराना पुलिस ने रोबोट चौराहे पर बस को रुकवाया और कार्रवाई की। ट्रैफिक टीआई अरविंद दांगी ने तेज रफ्तार और लापरवाहीपूर्वक कार चलाकर आमजन के जीवन को संकट में डालने वाले अजय जायसवाल के खिलाफ थाना संयोगितागंज में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस ने बीएनएस की धारा 185 और मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 177, 184 के तहत अपराध क्रमांक 0401/26 दर्ज किया है। अजय जायसवाल गीता भवन चौराहे पर रॉन्ग साइड से तेज रफ्तार में कार चलाकर आ रहा था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कार भी जब्त कर ली।

### सेवा पूरी कर चुके अग्निवीरों को किसी भी कोर्स में नहीं लगेगा शिक्षण शुल्क

**इंदौर।** देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी कार्यपरिषद के गवर्नर नॉमिनी पांच सदस्यों के कार्यकाल की अंतिम बैठक सोमवार को हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि सेना के तीनों अंगों में से किसी में भी अग्निवीर के रूप में सेवा पूर्ण कर चुके सैनिकों को यूनिवर्सिटी के किसी भी कोर्स में पढ़ाई करने के लिए शिक्षण शुल्क नहीं देना होगा। यूनिवर्सिटी के 30 टीचिंग विभागों में से किसी में भी प्रवेश पर यह नियम लागू रहेगा। आईएमएस, आईआईपीएस, स्कूल ऑफ लॉ व स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स सहित अन्य टीचिंग विभागों में एमबीए, बीए एलएलबी सहित 200 से ज्यादा कोर्स चल रहे हैं। बैठक में सदस्यों ने कई मुद्दों पर यूनिवर्सिटी से जवाब भी मांगा। यूनिवर्सिटी में इसी साल से शुरू हुए टीचिंग विभाग स्कूल ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स के भवन निर्माण, फर्नीचर एवं उपकरणों की व्यवस्था के लिए पितालिया मानव सेवा ट्रस्ट से लगभग 1.5 करोड़ की सहयोग राशि प्राप्त करने के प्रस्ताव को भी कार्यपरिषद ने मंजूरी दे दी। आईईटी के पूर्व छात्रों के योगदान से तैयार मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के सभाकक्ष का नाम पूर्व कुलपति प्रो. एसएम दासगुप्ता के नाम पर करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति मिल गई। कार्यपरिषद में जिन सदस्यों का कार्यकाल खत्म हुआ है, उनमें अनंत पवार, डॉ. एके द्विवेदी, डॉ. वैशाली वाईकर, मोनिका गौड़, प्रो. रूबीना चौधरी शामिल हैं।

### इंदौर में 80 से ज्यादा घरेलू सिलेंडर जब्त

**इंदौर।** गांधीनगर क्षेत्र में खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक घर से 80 से अधिक घरेलू गैस सिलेंडर बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घर से अवैध तरीके से घरेलू गैस सिलेंडरों की बिक्री की जा रही थी। बड़ी संख्या में सिलेंडर एक ही स्थान पर रखे होने से इलाके में गंभीर हादसे का खतरा बना हुआ था। कार्रवाई कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर खाद्य आपूर्ति विभाग की टीम ने की। टीम को सूचना मिली थी कि गांधीनगर क्षेत्र के एक मकान में बड़ी संख्या में घरेलू गैस सिलेंडर अवैध रूप से रखे गए हैं। सूचना के आधार पर टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की। यहां 80 से ज्यादा घरेलू गैस सिलेंडर मिले। अधिकारियों के मुताबिक, घर में इतनी बड़ी संख्या में गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण और बिक्री किया जाना सुरक्षा के लिहाज से बेहद गंभीर है। यदि किसी कारण से गैस रिसाव, आग या ब्लास्ट जैसी घटना होती तो आसपास का पूरा इलाका इसकी चपेट में आ सकता था।

---

इंदौर में सिस्टरहुड इकोनॉमी सीजन-4 में बड़ी संख्या में रैंप पर उतरीं इंदौर की महिला उद्यमी

# किसी ने साड़ी तो किसी ने इंडो-वेस्टर्न में बिखेरा जलवा

### रंगों का त्योहार थीम पर फैशन वॉक

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में सिस्टरहुड इकोनॉमी सीजन-4 में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। रैंप पर एक के बाद एक महिलाएं उतरीं। किसी ने पारंपरिक परिधान में भारतीय संस्कृति की झलक दिखाई तो किसी ने मॉडर्न आउटफिट में अपना अंदाज पेश किया। तालियों के बीच हुए इस फैशन वॉक में खास बात यह रही कि रैंप पर मॉडल्स नहीं, बल्कि शहर की अलग-अलग क्षेत्रों में पहचान बना चुकीं महिला उद्यमी थीं।

आयोजक सुप्रिया मदान और मौसमी तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम की थीम रंगों का त्योहार बाय मौसमी थी। त्योहारों के रंगों से सजे परिधानों ने रैंप पर भारतीय संस्कृति और उत्सव का माहौल बना दिया। फैशन वॉक में पारंपरिक रंगों और डिजाइनों के साथ मॉडर्न स्टाइल का भी मेल देखने को मिला। महिलाओं ने अलग-अलग परिधानों में रैंप वॉक किया। हर प्रस्तुति के साथ दर्शकों की तालियां गूंजती रहीं। कार्यक्रम का खास आकर्षण मिसेज यूनिवर्स की शो स्टॉपर प्रस्तुति रही। उन्होंने अपनी प्रस्तुति से रैंप पर मौजूद दर्शकों का ध्यान खींचा। कार्यक्रम में डॉ. गिन्नी छाबरिया, श्वेता अग्रवाल, लीजा स्वामने, आयुषी अग्रवाल, गुलनाज खान, मीनल माहेश्वरी, गुरप्रीत टुटेजा, शालिनी अत्रे, रोशनी केशवानी, पलक नीमा, डॉ. मोनिका जैन, अंकिता हेमनानी, मेघा मेहरा, रुचि मूंदड़ा, वीणा ददवानी और निकिता कुशवाहा सहित कई महिलाएं शामिल हुईं। आयोजकों के मुताबिक, कार्यक्रम का मकसद महिलाओं को रोजमर्रा की जिम्मेदारियों से कुछ समय निकालकर खुद के लिए समय देने और अपनी उपलब्धियों का जश्न मनाने का मौका देना है। इसी वजह से यहां फैशन वॉक को प्रतियोगिता के बजाय खुद को सेलिब्रेट करने के मंच के रूप में रखा गया।





#### एक-दूसरे का साथ महिलाओं की ताकत बढ़ाता है

मुख्य अतिथि डॉ. सरिता राव, डॉ. योगिता परिहार और डॉ. रेखा अग्रवाल ने महिलाओं की प्रस्तुतियां देखीं और उनके आत्मविश्वास की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए ऐसे मंच जरूरी हैं, जहां वे अपनी पहचान के साथ आगे बढ़ने के साथ अपनी उपलब्धियों को भी सेलिब्रेट कर सकें।

---

# चलती कारों पर पेड़ गिरने से डिप्टी कलेक्टर की मां की मौत

## गाड़ी के अंदर ही मुड़ गई गर्दन, डेढ़ घंटे तक दबी रहीं, 2 घायल

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर में सोमवार शाम करीब 5 बजे बारिश के दौरान बड़ा हादसा हो गया। सेंट्रल जेल के सामने सड़क से गुजर रही कारों पर 70 साल पुराना भारी-भरकम पेड़ गिर गया। कार में सवार डिप्टी कलेक्टर पूर्णिमा सिंगी की मां की मौत हो गई, जबकि 2 लोग घायल हुए हैं। घायलों को इलाज के लिए गोकुलदास अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मृतक की पहचान राधा देवी सिंगी (75) के रूप में हुई है। हादसे के वक्त वह मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराकर लौट रहीं थीं। हादसे में उनका पोता प्रखर सिंगी (25) और पारिवारिक मित्र वैशाली जायसवाल (55) घायल हुए हैं।

**अधिकारियों की बैठक ले रही थी डिप्टी कलेक्टर-** पुलिस के मुताबिक, हादसे के समय डिप्टी कलेक्टर पूर्णिमा सिंगी नर्मदा घाटी विभाग की बैठक में थीं। जानकारी मिलते ही कमिश्नर भास्कर लक्ष्यकार ने बैठक निरस्त कर सभी को मौके पर भेजा और राहत-बचाव का काम शुरू कराया। महिला करीब डेढ़ घंटे तक दबी रही। स्थानीय लोगों के मुताबिक, पेड़ गिरने से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। राधा देवी की गर्दन गाड़ी के अंदर ही मुड़ गई और सिर में भी गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद आसपास के लोग मदद के लिए पहुंचे और राहत-बचाव शुरू किया।

**ऑपरेशन कराकर घर लौट रही थीं राधा देवी-** हादसे में जान गंवाने वाली राधा देवी हाल ही में मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराकर घर लौट रही थीं। इसी दौरान हादसा हो गया। परिजन का आरोप है कि हादसे के बाद करीब डेढ़ घंटे तक पेड़ हटाने के लिए कोई टीम मौके पर नहीं पहुंची। इस दौरान कार पेड़ के नीचे दबी रही।



#### शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया

एसीपी विनोद दीक्षित के मुताबिक, पुलिस ने राधा देवी के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और घटना की जांच शुरू की।

#### सीजन में अब तक 22 इंच बारिश

इंदौर में इस मानसून सीजन में अब तक कुल 22 इंच बारिश दर्ज की जा चुकी है। हालांकि, पिछले वर्षों की तुलना में इस बार सीजन में अब तक वर्षा कम हुई है। फिलहाल कोई प्रभावी मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। स्थानीय सिस्टम बनने पर कुछ समय के लिए बारिश हो सकती है। इसके साथ ही दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना है। सोमवार को इंदौर में सवा 2 इंच बारिश हुई है।

---

डीएवीवी में नकल की जांच का अनोखा संकट

# महीनों तक जब्त मोबाइल पड़े रहने से बैटरी डिस्चार्ज

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

इंदौर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय में नकल प्रकरणों की जांच अब जब्त मोबाइल की बैटरी डिस्चार्ज होने से अटक रही है। परीक्षा में नकल करते पकड़े गए विद्यार्थियों के मोबाइल महीनों तक विश्वविद्यालय में जमा रहते हैं। इस दौरान फोन की बैटरी खत्म हो जाती है और मोबाइल बंद हो जाते हैं।

ऐसे में अनफेयर मिन्स कमेटी यह पता नहीं लगा पाती कि विद्यार्थी ने परीक्षा के दौरान मोबाइल से कितने सवालों के जवाब लिखे। इस तकनीकी परेशानी के कारण कई नकल प्रकरणों में विद्यार्थियों के खिलाफ उचित और व्यवहारिक निर्णय लेने में दिक्कत आ रही है।

अब विश्वविद्यालय ने इसका स्थायी समाधान निकालने के लिए जब्त मोबाइल की जांच के लिए अलग समिति बनाने का फैसला किया है। कार्यपरिषद ने भी इसे मंजूरी दे दी है। मोबाइल बंद होने की स्थिति में समिति यह जांच नहीं कर पाती कि परीक्षा के दौरान विद्यार्थी ने फोन का इस्तेमाल कितनी देर किया और कितने प्रश्नों के उत्तर मोबाइल देखकर लिखे। इससे नकल की गंभीरता तय करने में परेशानी आती है।

कई मामलों में जांच लंबे समय तक अटकी रहती है। इसका सीधा असर विद्यार्थियों के खिलाफ कार्रवाई और सजा तय करने पर पड़ता है। पर्याप्त प्रमाण नहीं मिलने पर कुछ मामलों में विद्यार्थियों को राहत भी देनी पड़ती है। कुलगुरु डॉ. राकेश सिंघई ने बताया कि परीक्षा के दौरान मोबाइल लाना प्रतिबंधित है। इसके बावजूद यदि प्रश्नपत्र हल करते समय विद्यार्थी के पास मोबाइल मिलता है तो उड़नदस्ता या केंद्राध्यक्ष नकल प्रकरण बनाता है। महीनों तक फोन बंद रहने से बैटरी डिस्चार्ज होने की समस्या सामने आती है, जिससे नकल प्रकरणों की जांच प्रभावित होती है। इसी समस्या से बचने के लिए अलग समिति बनाई जा रही है। यह समिति सिर्फ जब्त मोबाइल से जुड़े नकल प्रकरणों की जांच करेगी, ताकि मोबाइल को जल्द खोलकर उसमें उपलब्ध जानकारी के आधार पर नकल का स्तर तय किया जा सके।

---

# बिजली के तार से चिपका था 6 साल का बच्चा

## महिला पुलिसकर्मी ने देखा तो दौड़ लगा दी, गोद में उठाकर अस्पताल पहुंचाया

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

डीसीपी जोन-2 कार्यालय में पदस्थ महिला पुलिसकर्मी निकिता जोशी ने अपनी सतर्कता और सूझबूझ से 6 साल के बच्चे की जान बचा ली। ड्यूटी खत्म होने के बाद शाम को घर पहुंचीं निकिता को घर के सामने स्थित मंदिर परिसर से बच्चों के लगातार चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। बच्चों की आवाज में घबराहट महसूस होते ही वह तुरंत मंदिर परिसर की ओर दौड़ीं।

मंदिर के पीछे झाड़ियों में एक करीब 6 साल का बच्चा अचेत अवस्था में पड़ा था। आवाज देने पर भी वह कोई प्रतिक्रिया नहीं दे रहा था। निकिता ने देखा कि बच्चे के हाथ में बिजली का तार था। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उन्होंने सूझबूझ से बच्चे को बिजली के तार से अलग किया। तार हटते ही बच्चे ने आंखें खोलीं और रोते हुए कहा, दीदी, मुझे अस्पताल ले चलो नहीं तो मैं मर जाऊंगा। इसके बाद निकिता ने बच्चे को गोद में उठाया और परिजनों की मदद से तुरंत अस्पताल पहुंचाया। समय पर इलाज मिलने से बच्चे की जान बच गई। शाम को ड्यूटी समाप्त कर घर पहुंचीं निकिता जोशी को मंदिर परिसर से बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी।

---

# अंडरग्राउंड मेट्रो रूट को लेकर रहवासियों में आक्रोश

## आंदोलन की चेतावनी : गोयल नगर, तिलक नगर, साईंनाथ कॉलोनी के नीचे से प्रस्तावित टनल का विरोध

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

मेट्रो को लेकर शहर में उत्साह के बीच पूर्वी क्षेत्र के रहवासियों ने प्रस्तावित अंडरग्राउण्ड रुट को लेकर विरोध शुरू कर दिया है। गोयल नगर, महावीर नगर, साईंनाथ कॉलोनी, तिलक नगर और आसपास के रहवासियों ने आरोप लगाया कि मेट्रो का प्रस्तावित अलाइनमेंट घनी आबादी और निजी मकानों के नीचे से निकाला जा रहा है। इसे लेकर रहवासियों ने बड़े आंदोलन की चेतावनी दी है।

रहवासियों का कहना है कि टनल निर्माण के दौरान होने वाली खुदाई और कंपन से पुराने मकानों में दरारें आने तथा उनकी नींव प्रभावित होने का खतरा है। इसके अलावा बोरवेल और भूजल पर भी असर पड़ने की आशंका जताई गई है। रहवासियों ने सवाल उठाया कि जब क्षेत्र में कनाड़िया रोड समेत चौड़ी सड़कें उपलब्ध हैं, तो घनी आबादी के नीचे से मेट्रो टनल ले जाने की जरूरत क्यों है। उन्होंने मेट्रो कॉरपोरेशन से रूट की समीक्षा कर सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग अपनाने की मांग की है। रहवासियों का यह भी कहना है कि मेट्रो कॉरपोरेशन निर्माण के दौरान होने वाले नुकसान की भरपाई का आश्वासन दे रहा है, लेकिन जहां पहले काम हुआ है वहां सड़कों के गड्ढे तक ठीक नहीं किए जा रहे हैं। ऐसे में मकानों को नुकसान होने पर मुआवजे को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। रहवासियों ने जनप्रतिनिधियों से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा है कि यदि उनकी आपत्तियों पर गंभीरता से विचार नहीं किया गया तो वे लोकतांत्रिक और कानूनी तरीके से बड़ा आंदोलन करेंगे।

---

जूनी इंदौर इलाके में रिटायर्ड फ्ढकबैंक अफसर से ऑनलाइन ठगी का मामला

# 50 के पुराने नोट के बदले 9 लाख देने का झांसा देकर 59 हजार अकाउंट में डलवाए

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर**

जूनी इंदौर इलाके में रिटायर्ड आरबीआई बैंक अफसर से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। फेसबुक पर पुराने करेंसी नोट बदलने का ऑफर देखकर संपर्क करना उन्हें महंगा पड़ गया। ठगों ने 50 रुपए के पुराने नोट के बदले 9 लाख रुपए मिलने का झांसा दिया और अलग-अलग चार्ज के नाम पर उनसे 16 बार में 59 हजार रुपए से ज्यादा जमा करा लिए। रकम देने के बाद भी न तो उन्हें रुपए मिले और न ही पुरानी करेंसी ली गई। ऑनलाइन शिकायत के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक जसबीर सिंह ने शिकायत में बताया कि वे आरबीआई से रिटायर्ड हैं। 24 अगस्त की दोपहर वे घर पर फेसबुक चला रहे थे। इसी दौरान पुराने करेंसी नोट बदलने का ऑफर दिखाई दिया। उसमें दिए नंबर पर संपर्क करने पर सामने वाले व्यक्ति ने कहा कि 50 रुपए का सबसे पुराना नोट होने पर उसके बदले 9 लाख रुपए तक मिल सकते हैं। इसके बाद ऑफर के वेरिफिकेशन और अन्य खर्च के नाम पर करीब 1,750 रुपए जमा करने को कहा गया। रकम जमा करने के बाद ठग ने बताया कि उनके अकाउंट में करीब 4 लाख रुपए जमा कर दिए गए हैं। जसबीर सिंह ने बैंक से जानकारी ली तो खाते में कोई रकम नहीं आई थी।




#### कभी 5 हजार, कभी 12 हजार तो कभी जीएसटी के नाम पर मांगे रुपए

इसके बाद ठगों ने उनसे 5,100 रुपए और जमा करने को कहा। इसके बाद भी खाते में रकम नहीं आई। जसबीर ने पुराने नंबर पर दोबारा संपर्क कर करेंसी बदलने की बात की। इस बार उन्हें करीब 86 हजार रुपए देने का भरोसा दिया गया और इसके लिए 12,500 रुपए और मांगे गए। इसके अलावा 1,100 रुपए अकाउंट वेरिफिकेशन के नाम पर जमा कराने को कहा गया। इसके बाद ठगों ने नया बहाना बनाया। उन्होंने कहा कि उनके लिए रुपए लेकर आ रही टीम को इनकम टैक्स विभाग ने रोक लिया है। टीम को छुड़ाने के लिए 25 हजार रुपए जीएसटी चार्ज देना होगा।

#### क्यूआर कोड भेजकर 16 बार में रकम ट्रांसफर कराई

ठगों ने अलग-अलग बहानों से जसबीर सिंह को क्यूआर कोड भेजे। उन्होंने इन पर रकम ट्रांसफर की। इस तरह करीब 16 ट्रांजेक्शन में 59 हजार रुपए से ज्यादा ठगों के खातों में चले गए। इसके बावजूद न तो ऑफर के मुताबिक रकम मिली और न ही पुरानी करेंसी लेने कोई पहुंचा। ठगी का अहसास होने के बाद जसबीर सिंह ने ऑनलाइन शिकायत की। शिकायत मिलने के बाद जूनी इंदौर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अब ट्रांजेक्शन और आरोपियों से जुड़े नंबरों की जानकारी जुटा रही है।

## महिला से रेप, तांत्रिक ने नशीला लड्डू खिलाकर बेहोश किया

**ग्वालियर।** ग्वालियर में पति की शराब छुड़ाने के लिए तांत्रिक के पास पहुंची महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि तांत्रिक ने महिला को प्रसाद के नाम पर नशीला लड्डू खिलाया। लड्डू खाने के बाद महिला बेसुध हो गई, जिसके बाद आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया। घटना के बाद आरोपी ने महिला को बदनाम करने और उसके पति को जान से मारने की धमकी दी। महिला का आरोप है कि इसके बाद वह लगातार उसका शारीरिक शोषण करता रहा। मामला शहर के उपनगर ग्वालियर थाना क्षेत्र का है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने सोमवार रात आरोपी कमल राठौर उर्फ पटेल के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। महिला ने पुलिस को बताया कि करीब एक साल पहले वह पति की शराब छुड़ाने के लिए तलवार वाले हनुमान मंदिर गई थी। महिला का कहना है कि उसने आरोपी से पति की शराब छुड़ाने के लिए कई बार भभूत ली थी। इसी दौरान दोनों की पहचान हो गई और आरोपी उसके घर भी आने-जाने लगा।

## गुना में नाबालिग से रेप कराने वाले पति-पत्नी गिरफ्तार

**गुना।** गुना कुंभराज थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय नाबालिग बालिका के अपहरण और दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने दो और सह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सोनू अहिरवार और उसकी पत्नी वर्षा को पकड़ा। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। इस मामले में मुख्य आरोपी अभिषेक अहिरवार समेत उसके भाई, माता-पिता और एक अन्य सहयोगी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। अब तक कुल 7 आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि दो अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। 5 मई को कुंभराज थाना क्षेत्र से 15 वर्षीय बालिका लापता हो गई थी। उसकी मां ने उसी दिन थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

## पत्नी ने प्रेमी के साथ मिलकर पति को मारा

**रतलाम।** रतलाम में सरवन थाना क्षेत्र के ग्राम बोरदा में पांच दिन पहले मिले 32 वर्षीय युवक के शव का मामला हत्या का निकला है। पुलिस जांच में सामने आया कि पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की थी। पत्नी ने सोते समय पति पर कुल्हाड़ी से वार किया, जबकि प्रेमी ने उसके पैर बांध दिए। इसके बाद प्रेमी ने अपने दोस्त की मदद से शव को घर से करीब 50 मीटर दूर नाले में फेंक दिया। पुलिस ने मामले में मृतक की पत्नी ललिता, उसके प्रेमी राकेश और प्रेमी के दोस्त भूरा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब 2 लाख रुपए की मश्रुका भी जब्त की है। 2 सितंबर को सरवन थाना क्षेत्र की बेड़दा चौकी के ग्राम बोरदा में एक युवक का शव मिला था। मृतक की पहचान भीमा पिता मनोहर चरपोटा निवासी बोरदा के रूप में हुई थी। प्रारंभिक जांच में युवक के सिर पर कुल्हाड़ी से वार किए जाने की आशंका सामने आई थी। शव मिलने से पहले मृतक की पत्नी ललिता गायब हो गई थी, जिसके चलते पुलिस का शक उस पर गया।

## मंदसौर पुलिस ने 700 लीटर महुआ लहान नष्ट करवाया

**मंदसौर।** अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए मंदसौर की दलोदा पुलिस ने सोमवार देर शाम बानीखेड़ी, एलची मगरा और लखमाखेड़ी के बाछड़ा डेरों में तलाशी ली। इस दौरान करीब 700 लीटर महुआ लहान नष्ट किया गया। साथ ही, एक आरोपी से 11 लीटर कच्ची हाथ भट्टी की शराब जब्त कर उस पर आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में अवैध रूप से कच्ची शराब बनाई जा रही है। इसके बाद थाना प्रभारी रविंद्र प्रताप डांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अलग-अलग जगहों पर दबिश दी। तलाशी के दौरान पुलिस ने डेरों के आसपास झाड़ियों और सुनसान कमरों की जांच की। यहां प्लास्टिक के डिब्बों में करीब 700 लीटर महुआ लहान रखा मिला। पुलिस ने इसे मौके पर ही नष्ट कर दिया।

## बांधवगढ़ से मैहर आया कॉलर आईडी वाला हाथी

**मैहर।** मैहर जिले की अमरपाटन रेंज के रामनगर में सोमवार को एक बार फिर जंगली हाथी पहुंच गया। हाथी पुरैना पंचायत के खजुरी बीट के कक्ष क्रमांक आरए-637 में दिखाई दिया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उसकी गतिविधियों पर नजर रख रही है।

# मध्यप्रदेश में अब तक 31.1 इंच बारिश, 83.5% कोटा पूरा

### भोपाल समेत 12 जिलों में सामान्य से ज्यादा बारिश; अगले 4 दिन रीवा संभाग भीगेगा



ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

मध्य प्रदेश में अब तक औसत 31.1 इंच बारिश हो चुकी है। यह अब तक की बारिश के कोटे की 83.5% है। भोपाल समेत 12 जिलों में सामान्य से ज्यादा पानी गिर चुका है। इतने ही जिले बेहतर स्थिति में हैं, लेकिन 31 जिलों में अभी भी बारिश का आंकड़ा काफी कम है। जिन 12 जिलों में सामान्य से बारिश हुई, उनमें भोपाल, राजगढ़, शिवपुरी, निवाड़ी, मैहर, भिंड, श्योपुर, सिंगरौली, सीधी, सतना, मऊगंज और उमरिया शामिल हैं। उमरिया, अनूपपुर, आगर-मालवा, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, ग्वालियर, गुना, दतिया, खरगोन, बुरहानपुर में 90 प्रतिशत से ज्यादा बारिश हो चुकी है। इस मानसूनी सीजन में सबसे ज्यादा पूर्वी हिस्से और सबसे कम पानी पश्चिमी हिस्से के इंदौर-उज्जैन संभाग में गिरा है। मऊगंज में सबसे ज्यादा 53 इंच और आलीराजपुर में सबसे कम 13.6 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम केंद्र भोपाल के मुताबिक, 11 सितंबर तक प्रदेश के रीवा और शहडोल संभाग में तेज बारिश का दौर बना रहेगा। बाकी जिलों में हल्की बारिश होगी। 12 सितंबर के बाद नया सिस्टम एक्टिव होने पर पूरा प्रदेश फिर से भींग सकता है।

यदि अब तक हुई बारिश की बात करें तो इस सीजन 790.8 मिमी यानी, 31.1 इंच बारिश हो चुकी है। यह अब तक की सामान्य बारिश 33.1 इंच (840.6 मिमी) की तुलना में 2 इंच कम है।

### इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमाओं की सहयोग राशि से गरीब बच्चों की फीस भरेगा लायन्स क्लब

# पेण से मंगवाई 151 मिट्टी की विशेष प्रतिमाएं

### 10 वर्षों से जारी है संयोजक भूषण नाईक की यह मुहिम



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

गणेशोत्सव पर पर्यावरण संरक्षण और जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में मदद के दोहरे उद्देश्य के साथ लायन्स क्लब उज्जयिनी ने सोमवार को इको-फ्रेंडली (मिट्टी की) गणेश प्रतिमाओं के वितरण का शुभारंभ किया। इस अभियान के तहत श्रद्धालुओं से प्राप्त सहयोग राशि का उपयोग आगामी वर्ष में आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों की स्कूल फीस भरने के लिए किया जाएगा।

दशहरा मैदान स्थित क्लब के पूर्व अध्यक्ष और झोन पर्सन लायन भूषण नाईक के कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ मौन तीर्थ गंगा घाट के महामंडलेश्वर श्री सुमनानंद गिरि जी महाराज, वरिष्ठ भाजपा प्रवक्ता रूप पमनानी और द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन संजय सक्सेना के सानिध्य में गणेश आरती के साथ हुआ। कार्यक्रम के संयोजक भूषण नाईक पिछले 10 वर्षों से निरंतर यह कार्य कर रहे हैं।

क्लब पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष ₹आस्था के साथ पर्यावरण की रक्षा और सेवा के साथ शिक्षा का सहयोग₹ के उद्देश्य से महाराष्ट्र के पेण से 151 पूर्णतः इको-फ्रेंडली मिट्टी की गणेश प्रतिमाएं मंगवाई गई हैं। प्रतिमा के लिए न्यूनतम 400 रुपये की स्वैच्छिक सहयोग राशि निर्धारित की गई है। शहरवासी 14 सितम्बर तक प्रतिदिन सुबह 10 से शाम 6 बजे के बीच दशहरा मैदान स्थित 77 नंबर कार्यालय (नेहरू पार्क के सामने) से प्रतिमा प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि गणेशोत्सव केवल धार्मिक आस्था का ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और जनजागरण का पर्व है। वर्तमान समय में धार्मिक आस्था के साथ पर्यावरण को बचाना हम सभी की बड़ी सामाजिक जिम्मेदारी है।

कार्यक्रम के दौरान क्लब परिवार की ओर से अजीत कालकर, विजेंद्र राजपूत और दिव्या गौर का जन्मदिन भी मनाया गया। इस दौरान क्लब अध्यक्ष लायन अरविंद गुमाष्ते, सचिव लायन पवन दाभाडे और सूत्रसंचालक पं. सुदर्शन आयाचित सहित क्लब के कई पदाधिकारी, सदस्य और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### ग्राहकों व व्यावसायिक सहयोगियों का हुआ सम्मान

# बैंक ऑफ इंडिया उज्जैन अंचल ने मनाया 121वां स्थापना दिवस



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

बैंक ऑफ इंडिया उज्जैन अंचल द्वारा 7 सितंबर को बैंक का 121वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अंचल कार्यालय सहित विभिन्न शाखाओं में इस अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष स्थापना दिवस का मुख्य संदेश ₹परस्पर साथ, उन्नयन और विकास – कल, आज, कल₹ रहा। आंचलिक प्रबंधक अजीत कुमार शरण, उप आंचलिक प्रबंधक प्रदीप कुमार कमल और कैलाश चौहान की उपस्थिति में आयोजित इन कार्यक्रमों में अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शाम को मेगा संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें बैंक से लंबे समय से जुड़े विशिष्ट ग्राहकों को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया। इस दौरान ग्राहकों ने बैंक के साथ अपने पुराने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में बैंक की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यावसायिक सहयोगियों, व्यवसाय विकास दल, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और अन्य विशेषज्ञ सहयोगियों को भी सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। दिन में अंचल कार्यालय और सभी शाखाओं को आकर्षक रूप से सजाया गया था। केक काटकर और ग्राहकों को मिठाई वितरित कर स्थापना दिवस की खुशियां साझा की गईं। गुब्बारे उड़ाकर बैंक की 121 वर्षों की यात्रा को स्मरण किया गया। इसके साथ ही एक स्वास्थ्य जांच शिविर भी लगाया गया, जिसमें ग्राहकों और उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य की जांच कर सामाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता का संदेश दिया गया।

## दर्पण फाउंडेशन ने की छात्रवृत्ति व पुस्तकालय की घोषणा

**उज्जैन।** मालवा दर्पण खेल एवं शिक्षा विकास संस्था अर्थात दर्पण फाउंडेशन द्वारा हरसोदन स्थित राधा कुंज फार्म हाउस में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में आसपास के 10 से 12 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के 20 से अधिक शिक्षकों और प्राचार्यों का अभिनंदन किया गया। इस मौके पर संस्था ने शिक्षा, खेल और सामाजिक विकास से जुड़ी अपनी आगामी वृहद योजनाओं की घोषणा भी की।

## इस्कॉन में 13 को जुटेंगे 5 हजार युवा

**उज्जैन।** भरतपुरी स्थित इस्कॉन मंदिर में 13 सितंबर को शाम 4 बजे ह्यआई लव भारतह्न कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। वैदिक भारत की महिमा थीम पर होने वाले इस आयोजन में शहर के विभिन्न स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और कॉलेजों के करीब 5 हजार युवा शामिल होंगे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य 15 से 30 वर्ष के युवाओं को भारत की संस्कृति, आध्यात्मिक ज्ञान और संस्कारों से परिचित कराना है। कार्यक्रम में श्रीमद्भगवद्गीता के आधार पर जीवन में सही दिशा, स्थिरता, सफलता और चरित्र निर्माण का संदेश दिया जाएगा। इसका लक्ष्य युवाओं में राष्ट्रप्रेम, सकारात्मक सोच और मूल्य आधारित जीवन जीने की भावना विकसित करना है।

### 28वीं जिला स्तरीय क्लासिक बेंच प्रेस चैंपियनशिप

## 60 वर्षीय पुष्पा चौहान बनीं स्ट्रांग वुमन, रवि माली बने स्ट्रांग मैन

### ध्रुवा, स्नेहा, कृष्णा, आरुष, विवेक और परवेज ने जीते बेस्ट लिफ्टर के खिताब

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

पॉवर लिफ्टिंग इंडिया के तत्वावधान और मध्य प्रदेश पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के मार्गदर्शन में उज्जैन जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन द्वारा 28वीं जिला स्तरीय क्लासिक महिला-पुरुष बेंच प्रेस चैंपियनशिप का आयोजन क्षीरसागर कुश्ती एरीना में किया गया। चैंपियनशिप में रवि माली ने कुल 155 किलोग्राम वजन उठाकर स्ट्रांग मैन और 60 वर्षीय पुष्पा चौहान ने 55 किलोग्राम वजन उठाकर स्ट्रांग वुमन का खिताब अपने नाम किया।

प्रतियोगिता के महिला वर्ग में सब जूनियर वर्ग में ध्रुवा पोरवाल, जूनियर वर्ग में स्नेहा चौहान, सीनियर वर्ग में कृष्णा विश्वकर्मा और मास्टर वर्ग में पुष्पा चौहान ने बेस्ट लिफ्टर का अवार्ड जीता। वहीं पुरुष वर्ग में सब जूनियर वर्ग में आरुष शर्मा, जूनियर वर्ग में विवेक सिसोदिया, सीनियर वर्ग में रवि माली और मास्टर वर्ग में परवेज मोहम्मद ने बेस्ट लिफ्टर के खिताब पर कब्जा जमाया। उज्जैन जिला पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव कमल नंदवाना ने बताया कि चैंपियनशिप की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष जय सिंह यादव ने की। आयोजन का शुभारंभ मध्य प्रदेश पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के संरक्षक प्रेम सिंह यादव, मध्य प्रदेश ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार, उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव, उज्जैन विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष मुकेश यादव, बॉडीबिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक शैलेंद्र व्यास, राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा, अंतरराष्ट्रीय वेट लिफ्टर विमल प्रजापत और उज्जैन कुश्ती संघ अध्यक्ष उमेश ठाकुर ने किया। अतिथियों का स्वागत संस्था कोषाध्यक्ष नरेंद्र मालवीय, सहसचिव अनिल चावंडा, आनंद सोलंकी, अरविंद शुक्ला, अभिषेक सिंह राठौड़, लखन पोरवाल, पॉवर लिफ्टर मयंक जोशी, फईम उस्मानी और मनोज कपासिया द्वारा मारवाड़ी पगड़ी, पुष्प माला और मोमेंटो भेंट कर किया गया।

# जहरीली शराब मौत का कहर, पकड़े जाने के डर से शराब कहीं खेतों में फेंकी, कहीं फ्री बांटी... 9 और मौतें

### मऊगंज में 5380 किलो महुआ लाहन और 165 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त

ब्रह्मास्त्र ›› सागर



सागर में जहरीली शराब से मौतों का आंकड़ा 24 पहुंच गया है। सोमवार को 9 और जानें गईं, हालांकि सभी मौतों की प्रशासनिक पुष्टि नहीं हुई है। इस बीच पुलिस के छापों ने तस्करों में ऐसा हड़कंप मचाया कि वे बची शराब ठिकाने लगाने लगे। कहीं पेटियां खेतों में फेंक दीं, कहीं औने-पौने दाम पर बेच दीं तो कहीं क्वार्टर मुफ्त बांटकर भाग गए।

लेकिन जान बचाने के लिए तस्करों ने जिस शराब से पीछा छुड़ाया, वही लोगों के हाथ लग गई। उसे पीने के बाद सोमवार को गूगरा खुर्द में 3 और छापरी में 2 समेत 9 लोगों की मौत सामने आई। बीएमसी में रविवार सुबह से सोमवार शाम तक 140 से ज्यादा मरीज पहुंचे। 50 से ज्यादा का इलाज जारी है, इनमें 13 आईसीयू में हैं। 20 मरीजों को छुट्टी मिली, जबकि सोमवार को 11 का डायलिसिस किया गया। इधर, एएसपी जयवीर भदौरिया के मुताबिक, मुख्य सरगना चंदू राजा और राघवेंद्र सिंह समेत 30 नामजद आरोपियों में से 14 गिरफ्तार हो चुके हैं। आरोपियों से पैकिंग सामग्री मिली है। पुलिस के मुताबिक, ड्रमों में केमिकल लाकर बंडा के ततरवारा गांव (सागर) की अवैध फैक्टरी में अलग-अलग ब्रांड की शराब तैयार और पैक की जाती थी। नेटवर्क के तार मुरैना से भी जुड़ने की आशंका है। इन दो मामलों से समझिए पुलिस-शराब माफिया का गठजोड़ जिस शिकायतकर्ता ने शराब बेचने के सीसीटीवी फुटेज दिए, उसी पर केस दर्ज

बरायठा थाना क्षेत्र के अदावन गांव के ब्रजेश महाराज का आरोप है कि उनके घर के सामने लल्ला बाई लोधी का परिवार अवैध शराब बेचता है। वे दो महीने से पुलिस चौकी से लेकर वरिष्ठ अफसरों तक शिकायत कर रहे हैं। 31 अगस्त को एसपी को दिए सीसीटीवी फुटेज में सुबह और देर रात वाहनों से शराब की पेटियां उतरती दिख रही हैं। एसडीओपी ने कार्रवाई का भरोसा दिया। ब्रजेश का आरोप है कि शिकायत के बाद उनका कैमरा तोड़ दिया गया। जुलाई में भी शिकायत करने पर उनके खिलाफ एससी-एसटी एक्ट का झूठा केस दर्ज कराया गया था।

## मऊगंज में 17 ठिकानों पर आबकारी का छापा

मऊगंज जिले में सोमवार को आबकारी विभाग ने अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई की। दोपहर से रात 9 बजे तक चले इस अभियान में टीम ने कई जगहों पर छापा मारा और भारी मात्रा में महुआ लाहन और हाथ भट्टी शराब जब्त की। इस कार्रवाई में मऊगंज पुलिस बल भी आबकारी टीम के साथ था। मऊगंज जिले में आबकारी विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 17 मामले दर्ज किए हैं। मऊगंज और चाकघाट की आबकारी टीम ने सोमवार दोपहर से रात करीब 9 बजे तक अलग-अलग जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान टीम ने 5380 किलोग्राम महुआ लाहन, 165 लीटर हाथ भट्टी शराब और उत्तर प्रदेश सरकार की बनी 45 पाव बेंडीज जब्त की। आबकारी विभाग के मुताबिक, डिहिया गांव में कई घरों पर छापा मारा गया।

# नंद उत्सव में कृष्ण के बाल स्वरूप में सजे नन्हे-मुन्नों ने मोहा मन

### छप्पन भोग, महाआरती और महारास के साथ गूंजा कृष्ण भक्ति का उल्लास, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां



ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के बाद यादव अहीर महासभा नगर उज्जैन के तत्वावधान में देवास रोड स्थित शर्मा परिसर में भव्य नंद उत्सव का आयोजन किया गया। नगर अध्यक्ष श्री नारायण यादव के मार्गदर्शन में यादव समाज की महिला सदस्यों द्वारा आयोजित इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन में श्री कृष्ण के बाल स्वरूप में सजे नन्हे-मुन्नों ने सभी का मन मोह लिया।

वहीं समाज की महिलाएं माता यशोदा के स्वरूप में उत्सव में शामिल हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण के बाल स्वरूप बाल गोपाल का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कर पालना झुलाने से हुआ। भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर महाआरती की गई। इस दौरान पूरा परिसर कृष्ण भक्ति में सराबोर नजर आया। भजनों की प्रस्तुति पर महिलाओं ने गरबा कर भगवान श्री कृष्ण की आराधना की। कार्यक्रम में समाज की बालिकाओं ने भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं पर आधारित मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। भगवान श्री कृष्ण एवं राधा रानी के स्वरूप में सजे बच्चों को मंच पर आमंत्रित कर श्री कृष्ण की लीलाओं से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जिनका बच्चों ने सहजता एवं उत्साह के साथ उत्तर दिया। उनकी मासूमियत और कृष्ण स्वरूप ने उपस्थितजनों को भाव-विभोर कर दिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती कलावती यादव ने कहा कि जन्माष्टमी के बाद नंद उत्सव का आयोजन ऐसा अनुभव करा रहा है, मानो हम सभी मथुरा पहुंच गए हों। मथुरा और वृंदावन की पूरी छटा अवंतिका नगरी में दिखाई दे रही है। भगवान श्री कृष्ण के जन्मोत्सव के आयोजन में हम सभी को निमित्त बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। सारस्वत अतिथि भागवताचार्य देवी कृष्ण प्रिया ने कहा कि भगवान महाकाल की नगरी में श्री कृष्ण जन्मोत्सव और उसके बाद नंद उत्सव का आनंद समाजजन एक साथ ले रहे हैं। भगवान भोलेनाथ और श्री कृष्ण का संबंध प्रारंभ से ही रहा है। भगवान श्री कृष्ण के जन्म के बाद बाल स्वरूप के दर्शन करने के लिए भगवान भोलेनाथ भी नंदगांव पहुंच गए थे। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण की शिक्षा स्थली उज्जैन में यादव समाज द्वारा आयोजित यह आयोजन अनूठा है। कार्यक्रममें विशेष अतिथि आगर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मुन्ना बाई यादव, समाजसेवी श्रीमती बबीता यादव, श्रीमती राजेश्वरी यादव तथा उमरिया से यादव महिला महासभा की जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदनी यादव उपस्थित रही। इस दौरान अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। वहीं कृष्ण एवं राधा के बाल स्वरूप में आए छोटे बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संयोजन वरिष्ठ समाजसेवी श्रीमती शोभा यादव एवं कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती प्रमिला यादव ने किया। अतिथियों का स्वागत यादव महिला संगठन की किरण यादव, दुर्गा यादव, मधु यादव, गीता यादव, सुनीता यादव, डॉ. राजकुमारी यादव, सुश्री प्रिया यादव, वन देवी यादव, ब्रजेशी यादव, अमिता यादव, नेहा यादव, तृप्ति यादव एवं आरती यादव ने किया। संचालन किरण यादव, नेहा यादव एवं डॉ. बबीता यादव ने किया तथा आभार शोभा यादव ने माना।

# डिप्टी सीएम की सुरक्षा में सेंध, घर में दिखा संदिग्ध नकाबपोश

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

डिप्टी सीएम और स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ल के रीवा स्थित अमहिया आवास पर सुरक्षा में बड़ी चूक का मामला सामने आया है। रविवार को यूथ कांग्रेस कार्यकताओं ने शुक्ला के आवास पर संजय गांधी अस्पताल में प्रसूता की मौत को लेकर प्रदर्शन करते हुए उनके बंगले का घेराव किया था।

इस दौरान उग्र भीड़ सुरक्षा घेरा तोड़ते हुए उपमुख्यमंत्री के बंगले के गेट पर चढ़ते हुए जबरन परिसर के अंदर घुस गई। स्थिति बिगड़ते देख मौके पर तैनात भारी पुलिस बल ने मोर्चा संभाला। इसी भीड़ के बीच एक संदिग्ध नकाबपोश व्यक्ति भी देखा गया। जिसके बाद स्थानीय पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां इसकी पड़ताल कर रही हैं। सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेने के बाद गिरफ्तार भी किया गया है।

मामले की गंभीरता को देखते हुए उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा मेडिकल कॉलेज के डीन और अधीक्षक के साथ एक हाई-लेवल बैठक कर स्थिति की समीक्षा की है। रीवा में संजय गांधी अस्पताल में प्रसूता कल्पना मिश्रा और उनके बच्चे की मौत के बाद उपजे जनाक्रोश को भुनाते हुए कांग्रेस राजनीतिक रूप से डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला पर हमलावर है। उनके खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन चल रहे हैं।

## रात में कमला पार्क की सड़क पर डटे इंटर्न डॉक्टर

**भोपाल।** एमबीबीएस इंटर्न डॉक्टरों के स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार सुबह से शुरू हुआ आंदोलन अब मंगलवार सुबह तक जारी है। मुख्यमंत्री निवास की ओर मार्च के दौरान लाठीचार्ज और वॉटर कैनन के इस्तेमाल के विरोध में इंटर्न डॉक्टर कमला पार्क की सड़क पर रातभर से बैठे हुए हैं। इसी बीच जूनियर डॉक्टर एसोसिएशन (जेडीए) भी इंटर्न डॉक्टरों के समर्थन में उतर आया है। मंगलवार को हमीदिया अस्पताल की नियमित ओपीडी और इलेक्टिव ओटी का रेजिडेंट डॉक्टर बहिष्कार करेंगे, जबकि इमरजेंसी सेवाएं जारी रहेंगी।

# पीओके में सेना की घेराबंदी, राशन तक की चेकिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बलुचिस्तान

हम इंडिया के एजेंट नहीं हैं, हम तो अपने हक के लिए लड़ रहे हैं। पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर, यानी पीओके से ये आवाजें ऐसे वक्त में आ रही है, जब वहां इंटरनेट बंद है। स्कूल नहीं खुल रहे, अस्पतालों में इलाज नहीं मिल रहा, कामकाज ठप है। लोग राशन और दवाइयों तक के लिए परेशान हैं।

5 जून से यहां जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी, यानी खअअउ की अगुवाई में प्रदर्शन चल रहे हैं। विधानसभा में कश्मीरियों के लिए आरक्षित 12 सीटें खत्म करने की मांग है। प्रदर्शन में तीन महीने में



100 से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं। लोगों का आरोप है कि कई इलाकों में रास्तों और जरूरी सामान की आवाजाही पर पाबंदी है। प्रोटेस्ट शुरू होने के बाद से ही राजधानी मुजफ्फराबाद, रावलकोट, पुंछ और कोटली में इंटरनेट-ब्रॉडबैंड सर्विस बंद कर दी गई। इससे प्रदर्शन की खबरें बाहर नहीं आ रही हैं। कोटली में रहने वाले आदिल हुसैन ने दावा किया कि पुंछ डिवीजन में हालात ज्यादा खराब हैं। वे कहते हैं, इस इलाके के साथ जिस तरह बर्ताव किया जा रहा है, वह शायद फिलिस्तीन के साथ किए बर्ताव से भी बदतर है। चारों तरफ पुलिस और सेना के जवान मौजूद हैं। वे लोगों पर गोली चला रहे हैं। लगभग हर दिन कोई न कोई मारा जा रहा है। इंटरनेट पहले से बंद है। राशन और दवाइयों की सप्लाई भी रोक दी गई है। इस इलाके में आने वाला हर कोई शख्स परिवार के लिए थोड़ा सा राशन भी नहीं ले जा सकता। उसकी तलाशी ली जाती है। राशन ले लिया जाता है।

आदिल आगे कहते हैं, 'पेट्रोल, डीजल और बाकी जरूरी चीजों की सप्लाई भी रोक दी गई है। पूरे एरिया को घेराबंदी है। सेना का मूवमेंट और जिस तरह वे यहां घुसने की कोशिश कर रहे हैं, उसे देखते हुए डर है कि बहुत लोग मारे जा सकते हैं।' प्रदर्शन में शामिल ख्वाजा मुंतजिर बताते हैं, 'पुंछ और मुजफ्फराबाद डिवीजन के लोग लगभग ढाई महीने से सरकारी जबरदस्ती और जुल्म के खिलाफ लड़ रहे हैं। मुजफ्फराबाद से जॉइंट अवामी एक्शन कमेटी के नेता डॉ. आमिर साहब, दूसरे नेता और हमारे साथी दो महीने से ज्यादा वक्त से लापता हैं।

## अमेरिकी फ्लाइट में यात्री को टेप से बांधा, समलैंगिक लोगों को गालियां दे रहा था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका में अमेरिकन एयरलाइंस की एक फ्लाइट में 67 साल के यात्री ने अचानक हंगामा शुरू कर दिया। उसने पहले अश्वेत फ्लाइट अटेंडेंट के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। इसके बाद समलैंगिक लोगों को गालियां देने लगा। पास बैठे यात्री ने हंगामे का विरोध किया तो उसने हमला कर दिया। इस दौरान बीच-बचाव करने आई एक महिला को भी धक्का दिया। हालात बिगड़ने पर तीन यात्रियों ने उसे काबू कर डक्ट टेप और जिप टाई से सीट पर बांध दिया। घटना के कारण फ्लाइट को बाल्टीमोर डायवर्ट करना पड़ा। यह घटना 3 सितंबर की रात अमेरिकन एयरलाइंस की फ्लाइट 618 में हुई। विमान टेक्सास के डलास-फोर्ट वर्थ से न्यू जर्सी के नेवार्क जा रहा था। यात्री की पहचान 67 साल के आर्थर लेन लुंडिन के रूप में हुई है। वह एरिजोना का रहने वाला है। उसके खिलाफ सेकंड-डिग्री असॉल्ट और डिसऑर्डरली कंडक्ट के आरोप लगाए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उड़ान के करीब दो घंटे बाद यात्री अचानक आक्रामक हो गया। वह जीसस और नरक में जाने की बातें करते हुए चिल्ला रहा था। इसके बाद वह पास बैठे यात्री से भिड़ गया। गवाहों के मुताबिक, उसने पहले उस यात्री के लैपटॉप पर वार किया और फिर उसका गला पकड़ लिया। एक महिला यात्री ने बीच-बचाव की कोशिश की तो उसने उसकी तरफ भी हमला करने की कोशिश की।



## तबाही के 11 दिन बाद तिब्बत पहुंचा इंटरनेशनल मीडिया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तिब्बत

नेपाल-तिब्बत सीमा पर ग्लेशियर टूटने के बाद आई भीषण बाढ़ से प्रभावित इलाके में पहली बार इंटरनेशनल मीडिया को जाने की इजाजत दी गई है। चीन के विदेश मंत्रालय ने रविवार को रॉयटर्स समेत कई विदेशी मीडिया संस्थानों के पत्रकारों को ग्यिरोंग बॉर्डर क्रॉसिंग का दौरा कराया। यह इलाका 26 अगस्त को पानी, कीचड़ और मलबे की तेज लहर की चपेट में आया था। चीन और नेपाल को मिलाकर इस आपदा में 1,300 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है, जबकि 5,000 से ज्यादा लोग अब भी लापता हैं। दौरे के दौरान पत्रकारों ने प्रभावित इलाके में चल रहे बचाव अभियान को देखा। नारंगी रंग की वर्दी पहने बचावकर्मी खुदाई मशीनों, फावड़ों और जमीन के नीचे तलाश करने वाले रडार की मदद से लोगों और शवों को खोज रहे हैं। आपदा से पहले यहां चीन की पांच मंजिला कस्टम्स बिल्डिंग थी, लेकिन अब उसका कोई निशान नहीं बचा है। करीब 20 मीटर ऊंचा बॉर्डर गेट भी मलबे में दब गया है। वहां सिर्फ पास के पानी के टावर का एक हिस्सा दिखाई दे रहा है। जहां पहले बॉर्डर गेट था, वहां चीन का झंडा लगाया गया है। आसपास का पूरा इलाका भूरे-काले मलबे से ढका हुआ है। बचावकर्मी चेतावनी वाले बोर्ड के पीछे लगातार खुदाई कर रहे हैं।

## 4 राज्यों में उपचुनाव का ऐलान, 6 अक्टूबर को वोटिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

चुनाव आयोग ने तमिलनाडु, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल की विधानसभा सीटों और असम की एक लोकसभा सीट पर उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इन सीटों पर 6 अक्टूबर को वोट डाले जाएंगे और 9 अक्टूबर को नतीजे आएंगे। कमीशन के मुताबिक, चुनाव की औपचारिक गजट अधिसूचना 9 सितंबर 2026 को जारी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 16 सितंबर है। वोटिंग 6 अक्टूबर को होगी। काउंटिंग 9 अक्टूबर को की जाएगी। पूरी प्रक्रिया 11 अक्टूबर 2026 से पहले पूरी कर ली जाएगी। संबंधित जिलों में आचार संहिता लागू हो गई है। शिलॉन्ग और बशीरहाट लोकसभा सीटों की तारीख घोषित नहीं हुई है। इस साल फरवरी में वायस ऑफ द पीपल पार्टी (वीपीपी) के सांसद रिकी एंड्रयू जे. सिंगकान के निधन के बाद शिलॉन्ग सीट रिक्त हो गई थी। जबकि सितंबर 2024 में तृणमूल कांग्रेस के सांसद हाजी शेख नुरुल इस्लाम के निधन के बाद से बशीरहाट की सीट खाली है।

## ब्रिक्स देश डिजिटल करेंसी से कारोबार की तैयारी में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत डिजिटल करेंसी (सीबीडीसी) को आपस में जोड़ने के पायलट प्रोजेक्ट की तैयारी कर रहा है। चीन-रूस इसके को-पायलट होंगे। मकसद ब्रिक्स देशों में कमर्शियल पेमेंट्स में अमेरिकी डॉलर जैसी तीसरी मुद्रा पर निर्भरता कम करना है। इसमें कोई नई साझा मुद्रा जारी नहीं होगी। सम्मेलन नई दिल्ली के भारत मंडपम में 11 से 13 सितंबर के बीच होने जा रहा है। भारत के डिजिटल रुपए, चीन के डिजिटल युआन और रूस के डिजिटल रूबल जैसी राष्ट्रीय डिजिटल मुद्राएं एक साझा क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट सिस्टम से जुड़ेंगी। फायदा ये है कि बैंकिंग चार्ज, बैंकिंग चार्ज और सेटलमेंट का समय घटेगा। भारत-रूस के बीच स्थानीय मुद्राओं में व्यापार पहले से बढ़ रहा है। ब्रिक्स विस्तार के बाद इस समूह में इंडोनेशिया, ईरान और यूएई जैसे नए देश भी शामिल हो चुके हैं। ग्लोबल इकोनॉमी में 40% हिस्सेदारी वाले इन देशों के बीच इस व्यवस्था से भारतीय आयातकों और निर्यातकों को बड़ा फायदा मिलेगा।

### बलूच हमलों से अमेरिकी कंपनी का काम बंद

# रेयर-अर्थ मिनरल नहीं भेज पा रहा पाकिस्तान

### मुनीर ने वॉशिंगटन में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को दिखाए थे सैंपल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का ड्रीम प्रोजेक्ट अटक गया है। पाकिस्तान से रेअर अर्थ मिनरल (दुर्लभ खनिज) की अगस्त में प्रस्तावित खेप अमेरिका रवाना नहीं हो सकी। इसके बाद कराची और इस्लामाबाद में अमेरिकी कंपनी यूएस स्ट्रेटेजिक मेटल्स के दफ्तरों में काम बंद हो गया है। पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में रेअर अर्थ मिनरल की खदानों वाले इलाकों में विद्रोही संगठन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के हमलों से अमेरिकी कंपनी के लिए काम करना मुश्किल हो गया है। बलूच विद्रोहियों ने चागई जिले में रेको दिक खदान तक जाने वाली सड़कों को जाम कर दिया है।

आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने सितंबर 2025 में वाइट हाउस में स्टोन शो किया था। उन्होंने लकड़ी का एक बॉक्स ट्रम्प को दिखाया था, जिसमें रंग-बिरंगे पत्थर (मिनरल स्पेसिमेन) रखे थे। इन्हें देखकर ट्रम्प बेहद खुश हुए थे।



पिछले साल अक्टूबर में अमेरिका भेजी गई पहली खेप में एंटीमनी, कॉपर कॉन्सन्ट्रेट, नियोडिमियम और प्रेजोडिमियम जैसे खनिज शामिल थे। इस प्रोजेक्ट के तहत 2025-26 में मिनरल्स का निर्यात, 2027-28 में पाकिस्तान में मिनरल प्रोसेसिंग और 2029 में बड़े पैमाने पर खनन शुरू करने की योजना थी।

### इलेक्ट्रॉनिक्स से आईटी तक में रेयर अर्थ मटेरियल का इस्तेमाल

रेयर अर्थ मटेरियल 17 रासायनिक तत्वों का समूह है। इनका इस्तेमाल कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर मिलिट्री उपकरणों तक में होता है। स्मार्टफोन, कंप्यूटर, इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा और कई आधुनिक तकनीकों में इनकी अहम भूमिका है। इनका इस्तेमाल आईटी, केमिकल और ऑयल रिफाइनिंग जैसी इंडस्ट्रीज में भी होता है। आधुनिक तकनीक और हाई-टेक उपकरणों में इनकी मांग लगातार बनी हुई है।

**कनाडा की कंपनी बैरिक गोल्ड भी काम छोड़ सकती है-** रेको दिक में कनाडा की कंपनी बैरिक गोल्ड भी खनन का काम कर रही है। हालांकि, बलूच विद्रोहियों के लगातार हमलों के कारण कंपनी के लिए यहां काम जारी रखना मुश्किल हो गया है। ऐसे में उसके भी काम बंद करने और निवेश से पीछे हटने की आशंका है।

### बलूचिस्तान के खनिज और पोर्ट पर चीन-अमेरिका का कब्जा

बलूचिस्तान को पाकिस्तान का खनिज भंडार कहा जाता है। यहां के ग्वादर पोर्ट पर चीन का दबदबा है। चीन ने उद्धव के तहत ग्वादर और आसपास के इलाकों में करीब 3 लाख करोड़ रुपए का निवेश किया है। ग्वादर पोर्ट पर चीनी फिशिंग बोट्स की मौजूदगी भी बढ़ी है। स्थानीय बलूच मछुआरों का आरोप है कि बड़ी और ज्यादा ताकतवर चीनी बोट्स उनकी छोटी नावों को पीछे हटने पर मजबूर करती हैं। ज्यादातर स्थानीय मछुआरे अब भी पाल वाली छोटी नावों से मछली पकड़ते हैं। इससे उनके रोजगार पर असर पड़ रहा है। बलूचिस्तान के रेअर अर्थ मिनरल पर अमेरिका की नजर है। मुनीर ट्रम्प के सामने इन खनिजों के सैंपल तक दिखा चुके हैं। बलूचिस्तान पाकिस्तान का सबसे बड़ा सूबा है। यह देश के करीब 45% हिस्से में फैला है और इसकी सीमा ईरान से लगती है। दूर-दूर तक रेगिस्तान और वीरान पहाड़ हैं। लेकिन इन दिनों इस वीराने में सबसे ज्यादा गूंज गोलियों की सुनाई देती है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के लड़ाके अलग देश की मांग को लेकर लड़ रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि बलूच लड़ाकों और पश्तून (पठान) विद्रोहियों का सूबे के करीब 70 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा है। बलूचिस्तान के कई इलाकों में हथियारबंद लड़ाके बेखौफ होकर क्वेटा, खुजदार और मस्तुंग जैसे शहरों में घुसते हैं। पुलिस थानों और सरकारी दफ्तरों पर हमले करते हैं। कई जगह बीएलए के लड़ाके और पश्तून गुट सड़कों पर अपने नाके लगा लेते हैं। वहां से गुजरने वाले वाहनों की तलाशी लेते हैं और खुलेआम वसूली करते हैं। यही पैसा बीएलए के फंड में जाता है।

# जर्मनी में पहली बार कट्टरपंथी एएफडी पार्टी ने चुनाव जीता



ब्रह्मास्त्र ▸▸ फ्रांस

पूर्वी जर्मनी के छोटे से राज्य सैक्सोनी-अनहाल्ट में रविवार को दक्षिणपंथी पार्टी अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी ने बड़ी जीत हासिल की। एएफडी के जीत की चर्चा सिर्फ जर्मनी तक सीमित नहीं रही। लंदन की डाउनिंग स्ट्रीट से लेकर पेरिस के एलिसी पैलेस तक इस नतीजे को लेकर चिंता जताई गई। यूरोप में शायद पहली बार हुआ है जब किसी राज्य चुनाव के नतीजे को लोकतंत्र के भविष्य से इतना जोड़कर देखा गया है। इसकी वजह जर्मनी का इतिहास है।



नाजी शासन की तबाही के बाद जर्मनी ने लंबे समय तक दक्षिणपंथी और कट्टरपंथी दलों को राजनीतिक मुख्यधारा से दूर रखा। लेकिन 2013 में बनी आऊ लगातार मजबूत होती गई। अब वह पार्टी जर्मनी की राजनीति में ही नहीं, बल्कि यूरोप की राजनीति में भी अपना असर बढ़ाती दिखाई दे रही है।

एक्सपर्ट्स का मानना है कि जर्मनी में एएफडी की सफलता दूसरे यूरोपीय देशों के दक्षिणपंथी दलों को भी बढ़ावा दे सकती है।

यूरोप इस समय गंभीर राजनीतिक और प्रशासनिक संकट से जूझ रहा है। सरकारें महंगाई और बढ़ती रोजमर्रा की लागत जैसी समस्याओं को दूर नहीं कर पा रही हैं। इससे लोगों में मौजूदा सरकारों और राजनीतिक व्यवस्था के खिलाफ नाराजगी बढ़ रही है। अगले साल यूरोप के कई देशों में चुनाव होने हैं। ब्रिटेन, फ्रांस, इटली और स्पेन में दक्षिणपंथी पार्टियां महंगाई, रोजगार और इमिग्रेशन के मुद्दे पर सरकारों को घेर रही हैं। उनका कहना है कि मौजूदा पार्टियां आम लोगों की समस्याएं दूर नहीं कर पाई हैं।

# पाकिस्तानी सेना के वीडियो में भारतीय संसद पर हमला

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पाकिस्तानी सेना ने मई 2025 में भारत के साथ हुए संघर्ष को लेकर एक नया वीडियो जारी किया है। इस वीडियो में भारत की संसद पर हमला होते हुए दिखाया गया है। साथ ही, इसमें दावा किया गया है कि पाकिस्तान ने भारत के 32 एयरफोर्स बेस पर हमला किया, 8 भारतीय विमान गिराए और 2 एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम नष्ट किए।वीडियो में ज्यादातर घटनाओं को एआई ग्राफिक्स और एनीमेशन के जरिए दिखाया गया है।

वीडियो वायरल होते ही सोशल मीडिया पर इसका मजाक बनने लगा। एक यूजर्स ने कहा कि ये हकीकत में नहीं जीत पाए तो अककका जश्न मना लेना पड़ा। वहीं दूसरे ने सवाल किया कि अगर इतनी बड़ी जीत हुई है तो सैटेलाइट तस्वीरें कहां हैं, क्यों सिर्फ ग्राफिक्स पर निर्भर रहना पड़ रहा है। पाकिस्तान ने 32 भारतीय एयरबेस को निशाना बनाने का दावा तो किया है, लेकिन वीडियो में इसके समर्थन में सैटेलाइट तस्वीरें या हमले के पहले और बाद की तस्वीरें नहीं दिखाई गई हैं। रनवे के नुकसान या नष्ट हुए हैंगर की ऐसी तस्वीरें भी नहीं हैं। इसके उलट, मई 2025 में पाकिस्तान के सैन्य ठिकानों पर हुए भारतीय हमलों के बाद सैटेलाइट तस्वीरों से नुकसान की पुष्टि हुई थी।

वॉशिंगटन पोस्ट ने 2 दर्जन से ज्यादा सैटेलाइट तस्वीरों और हमले के बाद के वीडियो का विश्लेषण किया था। इसमें पाकिस्तान के कम से कम 6 एयरफील्ड पर नुकसान मिला था। इनमें 3 बड़े हैंगर, 2 रनवे और पाकिस्तान एयरफोर्स की 2 मोबाइल इमारतों को नुकसान शामिल था।

### लंपी में लापरवाही, आइसोलेशन सेंटर में न डॉक्टर न दवा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

लंपी से बीमार गोवंश को बचाने के लिए रतवाई की श्री कृष्णायन गौशाला को आइसोलेशन सेंटर बनाया। यहां 20 में से 15 गोवंश की मौत हो चुकी है और 3 मरणासन्न हैं। वहां दो दिन से डॉक्टर नहीं पहुंचा। जरूरी दवाएं भी नहीं हैं। मृत गोवंश के शव 24 घंटे से वहीं पड़े हैं। इन्हें उठाने के लिए गौशाला संचालक रविवार से नगर निगम को फोन कर रहे हैं। सेंटर में 60 स्वस्थ गोवंश हैं, उन्हें शिफ्ट किया जाएगा। पशुपालन विभाग ने यहां डॉक्टर की ड्यूटी लगाई है, पर वह शनिवार को आधे घंटे के लिए आए। रविवार और सोमवार दोपहर 3 बजे तक डॉक्टर गौशाला नहीं आए। डॉक्टर अपने साथ दवा लाते हैं और वापस ले जाते हैं। उनके नहीं आने पर बीमार गोवंश को देने के लिए दवा नहीं रहती।

# रिपोर्ट- ईरानी सुप्रीम लीडर के लंदन वाले दोनों फ्लैट बिकेंगे

### लोन नहीं चुका पाने पर बेचने की नौबत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ईरान

ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से जुड़े लंदन के दो आलीशान अपार्टमेंट बिक्री के लिए रखे गए हैं। द संडे टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, इनमें से एक लग्जरी पेंटहाउस को 2016 में करीब 242.53 करोड़ में खरीदा गया था। इसे अब करीब 153.17 करोड़ में बेचा जा रहा है। यानी खरीद कीमत के मुकाबले इसकी मौजूदा मांग करीब 89.36 करोड़ कम है।

दोनों अपार्टमेंट के रिकॉर्ड में ईरानी बैंकर अली अंसारी मालिक के तौर पर दर्ज हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अंसारी बैंक का लोन नहीं चुका पाए जिसके कारण यह प्रॉपर्टी इस वक्त रिसीवरशिप में है। प्रॉपर्टी रिसीवरशिप में होने का



मतलब है कि जब कोई मकान मालिक बैंक का लोन नहीं चुका पाते तो प्रॉपर्टी का मैनेजमेंट एक निष्पक्ष तीसरे शख्स (जिसे 'रिसीवर' कहते हैं) को सौंप दिया जाता है। ताकि वह उसे बेचकर या किराए पर देकर बैंक का पैसा वसूल सके।

अमेरिकी ट्रेजरी विभाग ने जुलाई में प्रॉपर्टी के मालिक अली अंसारी पर प्रतिबंध लगाए थे। अमेरिका ने उन्हें मुजतबा खामेनेई का मुख्य फाइनेंसर बताया था।

# नेपाल बाढ़- 7 सुरंगों में फंसे कर्मचारियों की तलाश जारी

### अब तक 13 हजार से ज्यादा लोगों का रेस्क्यू

ब्रह्मास्त्र ▸▸ काठमांडू

नेपाल में आई बाढ़ के 13 दिन बाद भी राहत और बचाव अभियान जारी है। रेस्क्यू टीम अलग-अलग 7 हाईड्रोपॉवर प्रोजेक्ट्स की सुरंगों में फंसे कर्मचारियों की तलाश कर रही हैं। अब तक 13 हजार से ज्यादा लोगों को बचाया जा चुका है, जबकि 4894 लोग अब भी लापता हैं। इनमें 587 विदेशी नागरिक शामिल हैं। पहाड़ी इलाकों, टूटे रास्तों और भारी मलबे के कारण बचाव अभियान में कई मुश्किलें आ रही हैं। नेपाल में बाढ़ और भूस्खलन से 1,356 लोगों की मौत हुई है। वहीं तिब्बत में 43 लोगों की मौत हुई है और 519 लापता हैं। तिब्बत-नेपाल में 26 अगस्त को आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद कुछ भारतीय नागरिक अभी भी लापता हैं। बीजिंग स्थित भारतीय दूतावास ने इन लापता लोगों के परिवारों से उनके सैंपल जमा करने को कहा है, ताकि चीनी अधिकारी बरामद शवों की पहचान कर सकें।







### 7 हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट में रेस्क्यू ऑपरेशन जारी

लांगटांग हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट - सर्च और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी। चिलिमे हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट (22 केडब्ल्यू) - नेपाली और भारतीय सेना की टीम करीब 115 मीटर अंदर सुरंग में पहुंची। अपर त्रिशूली-1 (216 केडब्ल्यू) - सुरंग में करीब 400 मीटर अंदर तक तलाशी ली गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। मेलुंग खोला (5 केडब्ल्यू) - करीब 1 किमी के दायरे में ड्रोन से तलाशी ली गई। त्रिशूली-3अ (60 केडब्ल्यू) - सुरंग और पावर हाउस में तलाश जारी। त्रिशूली-3इ (37 केडब्ल्यू) - ड्रोन और थर्मल कैमरों से ऑफिस और आवासीय परिसर के आसपास तलाशी जारी है।

### डॉक्टर को मारने वाले शिवसेना पार्षद की जमानत पर सुनवाई

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को महाराष्ट्र में डॉक्टरों और अस्पताल कर्मचारियों से मारपीट के एक केस में सुनवाई की। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने कहा- ऐसे हमले कानून-व्यवस्था दोनों के लिए गंभीर मुद्दा बन रहे हैं। इन लोगों को सड़कों पर घूमने का हक नहीं है। मामला डोंबिवली के नगर निगम अस्पताल में डॉक्टरों और कर्मचारियों से शिवसेना पार्षद रमेश म्हात्रे की मारपीट से जुड़ा है। अस्पताल में कोई बेड खाली नहीं था। इसलिए डॉक्टरों ने मरीज को दूसरे अस्पताल जाने का कहा। नाराज लोगों ने शिवसेना पार्षद को अस्पताल बुला लिया, जहां उन्होंने मारपीट की। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार की उस याचिका पर सुनवाई की, जिसमें म्हात्रे और अन्य आरोपियों को जमानत देने के बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती दी गई है।

■ वर्ष-12 अंक-305 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल | मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

सुभाषितानि

ध्यायतो विषयान् पुंसः संगस्तेषूपजायते।
संगात् संजायते कामः कामात् क्रोधोऽभिजायते।।

**भावार्थ** : मनुष्य के क्रोध का एक कारण यह भी है कि वह विषयों का ध्यान करता है, उसमें आसक्त हो जाता है और आसक्ति के कारण इच्छाएँ उत्पन्न होती हैं और इच्छाओं के कारण क्रोध उत्पन्न होता है।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

# दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, मंगलवासरः 08 सितम्बर, 2026

क्रोधः प्रीतिं प्रणाशयति मानो विनयनाशनः।
माया मित्राणि नाशयति लोभः सर्वविनाशनः।।

**भावार्थ** : क्रोध प्रेम को नष्ट कर देता है, अभिमान शील को नष्ट कर देता है, पाखंड मित्रता को नष्ट कर देता है, जबकि लोभ सब कुछ नष्ट कर देता है।

## दुर्घटनानां निवारणाय पूर्वमेव सज्जता आसीत् दहीहण्डीमहोत्सवस्य

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

प्राथमिकचिकित्सायाः अनन्तरं तेषां निर्वहनं च कृतम्। तदतिरिक्तं पूर्वोपनगरे घातितः गोविन्दः अपि चिकित्सां कृत्वा गृहं प्रेषितः। पश्चिमे उपनगरे घातितः अन्यः 'गोविन्दः' सम्प्रति चिकित्सालये चिकित्सां कुर्वन् अस्ति। दुर्घटनानां निवारणाय पूर्वमेव सज्जता आसीत् दहीहण्डीमहोत्सवस्य दृष्ट्या मुम्बईपुलिसः व्यापकसुरक्षाव्यवस्थां कृतवान् आसीत्। संवेदनशीलक्षेत्रेषु अतिरिक्तपुलिसदलानि नियोजितानि आसन्। इदानीं बीएमसी इत्यनेन सम्भाव्यदुर्घटनानां निवारणार्थं चिकित्सालयेषु विशेषव्यवस्था कृता आसीत्। बीएमसी-अनुसारं १६ नगरपालिका-अस्पतालानां अतिरिक्तं लोकमान्यतिलक-नगर-सामान्य-अस्पतालेषु (सिओन्)।

## सम्पादकीयम्

### अन्यत् परीक्षा

इत्यस्य समये सहस्राणि छात्राः अभिभावकाः च तान्त्रिकदोषाणां कारणेन दुःखस्य सामनां कृतवन्तः, येन एनटीए-कार्यक्षमतायाः विषये ताजाः प्रश्नाः उत्पन्नाः। नीट् इत्यादिपरीक्षाणां विषये अपि पूर्वं विवादाः उत्पन्नाः सन्ति। केवलं सुधारात्मकपरिहारः अपर्याप्तः इति विशेषज्ञाः मन्यन्ते; उत्तरदायित्वं, दृढनिवारकतन्त्राणि च अत्यावश्यकानि सन्ति। अन्यः परीक्षा, अन्यः त्रुटिः—एतत् कथनं राष्ट्रियपरीक्षणसंस्थायाः सह पुनरावृत्तिः भवति। इत्यस्य समये दृष्टा अराजकता निराशाजनकम् आसीत्। अत्यन्तं कुण्ठितं तथ्यं यत् एजन्सी स्वप्रतिज्ञां न पूरयति, पुनर्प्राप्तेः कोऽपि स्पष्टः मार्गः न दृश्यते। पुनः परीक्षा : विश्वविद्यालयप्रवेशार्थं क्रियमाणस्य इत्यस्य समये देशे सर्वत्र छात्राः अभिभावकाः च तकनीकीविषयाणां कारणेन घण्टाभिः चिन्तायाः सामनां कृतवन्तः। अनेकस्थानेषु परीक्षा विलम्बेन आरब्धा, अन्येषु तु सर्वथा कर्तुं न शक्यते स्म। एनटीए छात्राणां पुनः परीक्षायाः घोषणां कृतवती अस्ति। यद्यपि एजन्सी इत्यस्य दोषाणां स्वीकारः एकं सोपानं अग्रे अस्ति तथापि वास्तविकः प्रश्नः अस्ति यत् एतत् किमर्थं भवति एव? सर्वोच्चन्यायालयस्य अवलोकनम्: पूर्वं कागदस्य लीकस्य कारणेन चिकित्साप्रवेशपरीक्षा रद्दी कर्तव्या आसीत्। तदनन्तरं सीबीएसई-संस्थायाः पर्दा-चिह्न-व्यवस्थायाः विषये विवादः उत्पन्नः।

### अतिरिक्त कानूनी आरोपः प्रयुक्ताः भारद्वाजविरुद्धं पञ्जीकृतप्रकरणे

# अनुसूचितजाति-अनुसूचितजनजाति-अधिनियमस्य अन्तर्गतं प्रावधानं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली



विरोधस्य समये किं किं घटितम्, विवादः कथं वर्धितः, कथिते आक्रमणे अन्यः कोऽपि सम्बद्धः इति च सम्यक ज्ञातुं पुलिसस्य उद्देश्यम् अस्ति तदतिरिक्तं तदनन्तरं सामाजिकमाध्यमेषु, पॉड्कास्ट्-मध्ये च कृतानां वक्तव्यानां अन्वेषणं क्रियते। अतिरिक्त कानूनी आरोपः प्रयुक्ताः भारद्वाजविरुद्धं पञ्जीकृतप्रकरणे अनुसूचितजाति-अनुसूचितजनजाति-अधिनियमस्य अन्तर्गतं प्रावधानं, आपराधिक-धमकी-सम्बद्धाः धाराश्च योजिताः इति ज्ञातम् अस्ति अनेन विषयस्य कानूनी गुरुत्वाकर्षणं वर्धितम् अस्ति।

अपि च, एकेन नाबालिगकार्यकर्तृणां ऑनलाइन धमकीनां, उत्पीडनस्य च आरोपानाम् अनन्तरं इत्यस्य अन्तर्गतं पृथक पञ्जीकृतस्य सूचनाः सन्ति। सम्प्रति पुलिस उभयप्रकरणसम्बद्धानां डिजिटलसाक्ष्याणां शिकायतयाश्च परीक्षणं कुर्वती अस्ति।

आन्दोलनकारिणः गृहीतस्य आग्रहं कृतवन्तः आसन् भारद्वाजस्य गृहीतत्वात् पूर्वं 'कोकरोचजनतापार्टी' इत्यनेन सह सम्बद्धाः आन्दोलनकारिणः समर्थकाः च दिल्लीपुलिसस्य उपरि कार्यवाही कर्तुं दबावं कृतवन्तः आसन्। संसादमार्गपुलिसस्थानकस्य बहिः प्रदर्शनं कुर्वन्तः ते अभियुक्तानां गृहीतुं आग्रहं कृतवन्तः आसन्। तस्य गृहीतस्य अनन्तरम् अपि तस्य समर्थकाः पुलिस-स्थानकस्य बहिः विरोधं कृतवन्तः इति समाचाराः उद्धृताः।

जन्तर-मन्तर-प्रसङ्गे गम्भीराः चोटाः कृताः अपि च भारद्वाजस्य विरुद्धं तत्कालं कोऽपि कार्यवाही न कृता इति आन्दोलनकारिणः आरोपं कृतवन्तः। इदानीं तस्य पोड्कास्ट् इत्यत्र कृतः कथितः दावो विवादं अधिकं प्रवर्धयति स्म। तदनन्तरं पुलिसैः अस्मिन् प्रकरणे स्वस्य कार्यवाही तीव्रताम् अवाप्तवती, बुलन्दशहरनगरे च तं निरुद्धं कृतम्।

सोशल मीडिया वक्तव्यः अन्वेषणस्य एकः निर्णायकः भागः अस्य सम्पूर्णस्य विषयस्य अन्वेषणस्य सामाजिकमाध्यमाः, डिजिटलसामग्री च महत्त्वपूर्णाः घटकाः अभवन्। भारद्वाजस्य कथितस्य पॉडकास्ट्-वक्तव्यस्य अतिरिक्तं सामाजिक-माध्यमेषु ये पोस्ट्, भिडियो च प्रकाशिताः, तेषां परीक्षणं क्रियते। अभियुक्ताः घटनायाः अनन्तरं किं किं वक्तव्यानि दत्तवन्तः, तेषां अन्वेषणं कथं प्रभावितम् इति च पुलिसैः निश्चयं कर्तुं प्रयतते। सामाजिकमाध्यमेषु कृतानां दावानां जन्तरमन्तरस्य वास्तविकघटनायाः च सम्बन्धं स्थापयितुं पुलिसस्य कृते अपि महत्त्वपूर्णम् अस्ति। अन्वेषणसंस्था प्रत्यक्षदर्शिनां विवरणानां, शिकायतया वक्तव्यस्य, उपलब्धानां भिडियोदृश्यानां च आधारेण घटनाक्रमं एकत्र स्थापयति।

राजनैतिक संरक्षण के आरोपों पर विवाद विवादः अधिकं वर्धितः...भारद्वाजस्य पोड्कास्ट्-प्रदर्शने दावाः उत्पन्नाः इति कथ्यते यत् सः जेलसमयं परिहरति, सः कतिपयान् राजनैतिकनेतृन् अग्रजान् इति मन्यते इति एतेषां दावानां कारणात् राजनैतिकसंरक्षणस्य आरोपानाम् विषये प्रश्नाः उत्पन्नाः। परन्तु राजनैतिकप्रभावस्य दावान् सम्बोधयन् दिल्लीपुलिसः पृथक स्पष्टीकरणं जारीकृतवान् अस्ति।

भारद्वाजस्य कथितवक्तव्यस्य अपि अन्वेषणं क्रियते। अन्वेषणस्य एकः निर्णायकः पक्षः निर्धारितः भविष्यति यत् सः उल्लिखितानां राजनैतिकसम्बन्धानां वस्तुतः घटनायाः एव वा तदनन्तरं पुलिसकायार्णां विषये किमपि सम्बन्धः आसीत् वा इति। पुलिस अन्वेषणं प्रति फोकस परिवर्तनम् स्वतन्त्रभारद्वाजस्य एकदिनस्य पुलिस-अभिरक्षणं कृत्वा अन्वेषणस्य प्रगतिः भविष्यति इति अपेक्षा अस्ति। तदनन्तरं वक्तव्यं, डिजिटलसामग्री, शिकायतां च पार्श्वे कथितं आक्रमणघटनाम् एकत्र खण्डयति पुलिस।

### अङ्गारखानेषु जलप्रवाहः

## विद्युत्मागधा च वर्धमानः देशस्य विद्युत्संस्थानेषु अङ्गारसंकटं गभीरं करोति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

देशस्य विभिन्नेषु भागेषु निरन्तरं मानसूनवृष्ट्या अङ्गारस्य उत्पादनं प्रभावितम् अस्ति। यदा तापविद्युत्संस्थानेषु मासद्वयात् पूर्वं १७ दिवसान् यावत् पर्याप्तः औसतः स्टॉकः आसीत, तदा अधुना एतत् नवदिनानि यावत् न्यूनीकृतम् अस्ति। परन्तु अङ्गारमन्त्रालयस्य कथनमस्ति यत् पूर्वमध्यभारतस्य अङ्गारउत्पादकप्रदेशेषु वर्षा न्यूनीभवति, अतः अङ्गारस्य उत्पादनं परिवहनं च त्वरितम् अस्ति, एतत् अधिकं प्रवर्तयितुं सज्जता च प्रचलति सेप्टेम्बरमासस्य प्रथमत्रिदिनेषु (यस्मिन् वर्षा अभवत्) दैनिकं उत्पादनं प्रायः १३६ लक्षटनं भवति स्म, यत् सेप्टेम्बे-मासस्य ४ दिनाङ्कपर्यन्तं प्रायः १७ लक्षटनं यावत् वर्धितम्।

अङ्गारस्य उत्पादनं अपि न्यूनीकृतम् यथा यथा खानिनां परितः भूमिः शुष्यति तथा तथा आगामिसप्ताहे परिवहनस्य गतिः वर्धते, येन विद्युत्संस्थानेषु अङ्गारस्य आपूर्तिः वर्धते कोयलामन्त्रालयस्य विद्युत्मन्त्रालयस्य च आँकडानां विश्लेषणेन ज्ञायते यत् २०२६ तमस्य वर्षस्य जुलै-अगस्त-मासेषु विद्युत्-मागधा यदा अभिलेख-उच्चतां प्राप्तवती तदा कोयला-उत्पादनं पूर्ववर्षस्य स्तरात् न्यूनम् अभवत् फलतः तापविद्युत्संस्थानेषु अङ्गारस्य भण्डारः न्यूनीकृतः अस्ति। कोल इण्डिया लिमिटेड स्वस्य विद्यमानस्य कोयलाभण्डारस्य (पूर्वं निष्कासितस्य कोयला) उपयोगेन विद्युत्संस्थानानां आपूर्तिं निर्वाहयति। चालूवित्तवर्षस्य एप्रिल-अगस्त-कालखण्डे कम्पनी ३२२.९ मिलियनटन अङ्गारस्य आपूर्तिं कृतवती, यत् गतवर्षस्य समानकालस्य ३०२.६ मिलियनटनस्य आपूर्तितः ६.७०% वृद्धिः अभवत् विद्युत उपभोगस्य अभिलेखः २०२६ तमस्य वर्षस्य अगस्तमासे ६ कोटिटन अङ्गारस्य आपूर्तिः अभवत्।

## राशिफल

**मेष** : आज प्यार से बोलें और दूसरों के साथ जल्दबाजी करने से बचें। मित्रवत संपर्क उपयोगी जानकारी शेयर कर सकता है।

**वृषभ** : आज अनावश्यक खर्चों से बचें। योजनाओं पर ध्यान दें। निरंतर प्रयास से पुरस्कार मिलेंगे।

**मिथुन** : सही फैसले आज सुकून प्रदान करेंगे। अपने समय का ध्यान रखें और जरूरत पड़ने पर 'ना' कहें।

**कर्क** : आज दूसरों से बात करते समय पॉजिटिव रहें। अपने लक्ष्य की ओर एक कदम बढ़ाएं। अप्रत्याशित मदद मिल सकती है।

**सिंह** : आज कॉन्फिडेंस और प्रगति के लिए एक काम शुरू करने से पहले दूसरा काम पूरा करें। आज आपकी एनर्जी हाई है।

**कन्या** : दयालु बनें। जिज्ञासु बने रहें और धैर्य के साथ बिना किसी हड़बड़ी के नए अवसरों का स्वागत करें।

**तुला** : आज के दिन खुद पर भरोसा करें। क्लियर रूप से बोलें और छोटे लक्ष्य निर्धारित करें।

**वृश्चिक** : आज छोटे-छोटे काम विश्वास का निर्माण करते हैं। शाम तक, हल्के-फुल्के शौक के साथ आराम करें।

**धनु** : आज सीखने के छोटे-छोटे काम आपके लिए मददगार साबित होंगे। रात तक अपने नोट्स को ऑर्गनाइज करें।

**मकर** : आज आपका दिमाग तेज है। कुछ छोटा-मोटा सीखें, विचार साझा करें और विनम्रता से बात करें।

**कुंभ** : नए कामों से पहले छोटे काम पूरे करें। पैसों या रिश्तों के बारे में जल्दबाजी में फैसले लेने से बचें।

**मीन** : एक समय में एक ही काम पर फोकस करें। एनर्जी काम निपटाने और दोस्ताना बातचीत को बढ़ावा देने में मदद करेगी।

## ज्योतिष/वास्तु

# बुध का कन्या में गोचर इन राशि वालों का बदलेगा भाग्य, दिसंबर तक मिलेगी मनचाही सफलता

बुध का कन्या में गोचर कुछ राशि वालों का समय चमका सकता है। इन जातकों को धन लाभ, बड़ी सफलता और विदेश यात्रा के अवसर प्राप्त हो सकते हैं। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।

बुध 07 सितंबर 2026 से लेकर 2 दिसंबर 2026 तक कन्या राशि में रहेंगे। इस दौरान बुध वक्री अवस्था में भी गोचर करेंगे और कई अन्य ग्रहों के साथ युति बनाते हुए जातकों पर अपनी कृपा बनाए रखेंगे। ऐसे में बुध का यह लंबा गोचर ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। खास बात यह है कि, कन्या बुध के स्वामित्व वाली राशि है और यहां बुध को मजबूत स्थिति प्राप्त होती हैं। इसलिए इस गोचर का प्रभाव कई राशियों के जीवन में देखने को मिल सकता है। चूंकि बुध को ज्योतिष में व्यापार, वाणी, बुद्धि, तर्क, गणना और संचार का कारक ग्रह माना जाता है। ऐसे में बुध की मजबूत स्थिति से व्यापार और करियर में नए अवसर मिलने के साथ आर्थिक स्थिति में भी सुधार हो सकता है। इस दौरान कुछ राशि वालों के लिए यह समय सफलता, मान-सम्मान और धन लाभ के नए रास्ते खोल सकता है। आइए इन लकी राशियों को जानते हैं।



**मेष राशि-** मेष राशि वालों के लिए बुध ग्रह आपकी कुंडली के तीसरे तथा छठे भाव के स्वामी होते हैं। कन्या राशि में गोचर करने की अवधि में बुध ग्रह आपके छठे भाव में ही रहने वाले हैं। इस दौरान आपको व्यापार में बड़ा लाभ मिल सकता है। कामकाज के सिलसिले में आपको विदेश यात्रा करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। यदि आप उच्च शिक्षा के लिए प्रयासरत हैं तो उससे जुड़ी बाधाएं दूर होंगी और सफलता की राह आसान हो सकती है। बीते समय में किए गए निवेश से भी आपको लाभ की प्राप्ति संभव है। नौकरीपेशा जातकों को कार्यक्षेत्र में अपनी मेहनत का अच्छा परिणाम मिल सकता है।

**मिथुन राशि-** मिथुन राशि वालों के लिए बुध ग्रह आपकी राशि के स्वामी होने के साथ-साथ आपके चतुर्थ भाव के भी स्वामी होते हैं। कन्या राशि में रहने की अवधि में बुध ग्रह आपके चौथे भाव में ही रहने वाले हैं। इस समय बिजनेस से जुड़े मामलों में आपको सफलता हासिल हो सकती है। लाभप्रद योजनाओं से जुड़ने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे भविष्य में आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। परिवार से जुड़े मामलों में भी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। लव पार्टनर और लाइफ पार्टनर आपकी भावनाओं का सम्मान करेगा, जिससे रिश्तों में प्रेम और आपसी समझ बढ़ेगी।

**कन्या राशि-** कन्या राशि वालों को बुध के इस गोचर से मनचाही सफलता प्राप्त हो सकती है। लंबे समय से अटके कार्यों में आपको अच्छा फायदा होता हुआ दिखाई देगा। नौकरीपेशा वर्ग की आय के नए स्रोत बनेंगे और आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी बुद्धिमत्ता और सही निर्णय लेने की क्षमता का लाभ मिलेगा। आपको अचानक कहीं से धन की प्राप्ति हो सकती है, जिससे आपकी आर्थिक परेशानियां कम होंगी। कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा और आपकी मेहनत को पहचान मिल सकती है। व्यापार के मामले में अच्छा मुनाफा मिलेगा। माता-पिता व भाई-बहनों की ओर से पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

### इंडियन विमेंस टीम एशिया कप जीतने की दावेदार, पिछले साल कप्तान सूर्या ने किया था इनकार

# क्या अब मोहसिन नकवी से ट्रॉफी लेगा भारत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ दुबइ

एशिया कप का फाइनल मुकाबला। दुबई का ग्राउंड। भारतीय टीम चैंपियन बनती है। लेकिन ट्रॉफी नहीं लेती। कारण- जो शख्स ट्रॉफी देने वाला था, वह पाकिस्तानी था। यह घटना करीब एक साल पहले दुबई में हुई थी। अब 13 सितंबर को दुबई के उसी ग्राउंड पर यह घटना रिपीट हो सकती है। अंतर इतना है कि दो साल पहले वाकया पुरुष एशिया कप का था इस बार मामला महिला एशिया कप का है।

भारतीय विमेंस टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई है और फॉर्म के लिहाज से भारत के चैंपियन बनने की संभावना भी काफी ज्यादा है। जिस मोहसिन नकवी से 2025 में भारतीय टीम ने ट्रॉफी लेने से इनकार किया था, वे अब भी एशियन क्रिकेट काउंसिल के प्रमुख हैं। लिहाजा, भारत अगर खिताब जीतता है तो नकवी फिर से ट्रॉफी देने आ सकते हैं। भारतीय टीम इस स्थिति में क्या करेगी इस बारे में इउउक की ओर से कोई बयान नहीं आया है। टीम ने भी इस बारे में अपना रुख स्पष्ट नहीं किया है।



### पिछले साल क्या हुआ था

28 सितंबर 2025 को पुरुष एशिया कप के फाइनल में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी वाली भारतीय टीम ने पाकिस्तान को हराया था।

मैच के बाद होने वाला अवॉर्ड सेरेमनी कार्यक्रम (प्रेजेंटेशन) एक घंटे से ज्यादा देरी तक रुका रहा, क्योंकि इस बात पर चर्चा चल रही थी कि ट्रॉफी कौन सौंपेगा।

भारतीय टीम ने आखिरकार पीसीबी चेयरमैन और आईसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी के हाथों ट्रॉफी लेने से मना कर दिया।

इसके बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पोडियम पर बिना ट्रॉफी के ही जीत का जश्न मनाया, जबकि नकवी ट्रॉफी लेकर स्टेडियम से बाहर चले गए।

एशिया कप की ट्रॉफी अब तक भारतीय टीम को नहीं सौंपी गई है। यह वर्तमान में दुबई स्थित आईसीसी के दफ्तर में रखी हुई है।

तब भारतीय टीम ने क्यों नहीं ली थी ट्रॉफी मोहसिन नकवी एशियन क्रिकेट काउंसिल के चीफ के अलावा पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन भी हैं। साथ ही वे पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं। नकवी ने ऑपरेशन सिंदूर के समय के भारत विरोधी बयान दिए थे। इस वजह से भारतीय टीम ने उनके हाथों से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था।

इसके बाद भारत ने नो-हैंडशेक की पॉलिसी अपनायी। पहली बार सितंबर 2025 पुरुष एशिया कप में भारत ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया। इसके बाद से अब तक भारत ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हैंडशेक नहीं किया है।

### भारतीय विमेंस टीम एशिया कप के सेमीफाइनल में पहुंची

आठ टीमों वाले महिला एशिया कप में भारत अब तक अजेय है। हरमनप्रीत कौर की टीम ने टूर्नामेंट की शुरूआत थाईलैंड के खिलाफ जीत से की। इसके बाद ग्रुप स्टेज में हांगकांग और पाकिस्तान को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।



### भारत ने पाकिस्तान को 7 विकेट से हराया था

भारत ने पाकिस्तान को ग्रुप स्टेज में 7 विकेट से हराया था। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम 18.1 ओवर में सिर्फ 55 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारत ने 56 रन का टारगेट 8.4 ओवर में 3 विकेट खोकर हासिल कर लिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई।

## केविन पीटरसन इंग्लैंड की व्हाइट-बॉल टीम के मेंटर बने

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंग्लैंड

इंग्लैंड ने पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को पुरुष व्हाइट-बॉल टीम का स्पेशलिस्ट मेंटर नियुक्त किया है। वे साउथ अफ्रीका में अगले साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप की तैयारी में टीम के साथ काम करेंगे। पीटरसन इसी महीने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली टी-20 इंटरनेशनल और वनडे सीरीज से ब्रेंडन मैकुलम की टीम के साथ जुड़ेंगे। कोचिंग टीम में मैकुलम के अलावा मार्कस ट्रेस्कोथिक, टिम साउदी, जीतन पटेल और सारा टेलर भी शामिल हैं। पीटरसन ने टीम से जुड़ने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा- मुझे बेहद गर्व है कि इस टीम के वर्ल्ड कप जीतने के सफर में मदद करने के लिए मुझे कहा गया है। 2014 के बाद पहली बार इंग्लैंड की जर्सी पहनना मेरे लिए बहुत बड़ा सम्मान और बेहद खास पल है। इंग्लैंड व्हाइट बॉल के हेड कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा- मेरे मन में केपी और क्रिकेट में उनकी उपलब्धियों के लिए बहुत सम्मान है। इंग्लिश क्रिकेट पर उनका बहुत बड़ा असर रहा है। उनके अनुभव, ज्ञान और कद का व्यक्ति टीम के साथ काम करना चाहता है, यह शानदार बात है।

# पाकिस्तान क्रिकेट ने खिलाड़ियों के व्यवहार पर जांच शुरू की

### दूसरे टेस्ट के बाद 7 प्लेयर्स को निकाला था, प्लेयर्स के फोन भी जब्त किए

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इस्लामाबाद

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने इंग्लैंड दौरे पर मौजूद खिलाड़ियों के अनुशासन और व्यवहार को लेकर इंटरनल जांच शुरू कर दी है। पीसीबी प्रवक्ता आमिर मीर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मीडिया में आ रही खबरों को गंभीरता से लेते हुए यह कदम उठाया गया है।

इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में हार के बाद पाकिस्तान ने 7 खिलाड़ियों को टीम से बाहर कर दिया था। हेडकोच सरफराज अहमद और बॉलिंग कोच उमर गुल को भी हटा दिया गया था। उनकी जगह व्हाइट बॉल टीम के कोच माइक हेसन और एश्ले नॉफके को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। इसके बाद से टीम का इंग्लैंड दौरा लगातार विवादों में है। इससे पहले यह खबर आई थी कि पाकिस्तान ने सभी खिलाड़ियों के फोन भी जब्त कर लिए हैं।

**एंटी-करप्शन एंगल की बात अभी सामने नहीं आई-** पीसीबी के प्रवक्ता ने कहा- इंग्लैंड दौरे पर मीडिया में हमारे खिलाड़ियों के अनुशासन और व्यवहार को लेकर आई खबरों को गंभीरता से लेते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने आंतरिक अनुशासनात्मक जांच शुरू कर दी है। फिलहाल इन सभी मामलों की अंदरूनी स्तर पर समीक्षा की जा रही है। सोशल मीडिया पर जारी आधिकारिक बयान में स्पष्ट किया गया है कि यह केवल एक अनुशासनात्मक प्रक्रिया है। इसके जरिए खिलाड़ियों के आचरण और अनुशासन से जुड़े पहलुओं को जांचा जा रहा है। हालांकि मामले में किसी एंटी-करप्शन एंगल की बात अभी तक सामने नहीं आई है।

**मोबाइल फोन की फोरेंसिक जांच की बात-** आमिर ने कहा- पीसीबी ऐसे मामलों को अपनी तय प्रक्रिया के मुताबिक संभालता है। यह प्रक्रिया पीसीबी के नियमों के तहत की जा रही है और इसमें सभी संबंधित लोगों को उचित मौका दिया जा रहा है। बताया जा रहा है कि खिलाड़ियों के मोबाइल फोन मीडिया में जानकारी लीक होने के आरोपों की फोरेंसिक जांच के लिए लिए गए थे। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

## खबर एक नजर...

### जहरीला पदार्थ खाने वाली युवती की 2 दिन बाद मौत

**उज्जैन।** जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी हालत के बाद आगर-मालवा की रहने वाली कुमकुम पिता महेन्द्र परिहार 18 साल को परिजन 5 सितंबर को उपचार के लिये उज्जैन लेकर पहुंचे थे और फ्रीगंज स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहरीला पदार्थ खाने से भर्ती युवती की सूचना अस्पताल स्टॉफ ने माधवनगर थाना पुलिस को दी थी, लेकिन आईसीयू में होने और हालत गंभीर पर उसके बयान दर्ज नहीं हो पाये थे। 2 दिन चले उपचार के बाद सोमवार सुबह युवती की मौत हो गई। सूचना पर माधवनगर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर दोपहर में पोस्टमार्टम कराया। परिजन शव अंतिम संस्कार के लिये आगर-मालवा ले गये है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच संबंधित थाना पुलिस को सौंपी जायेगी। जहां परिजनों के बयान दर्ज होगें।

### पिकअप ने मारी थी बुलेट सवार बुजुर्ग को टक्कर

**उज्जैन।** गरोठ हाइवे गिरीराज रतन कालोनी मार्ग पर 1 सितंबर को हुई सड़क दुर्घटना में कैलाश पिता नाथुदास बैरागी 65 साल निवासी जनतानगर कृषि उपज मंडी की मौत हो गई थी। अज्ञात वाहन ने उनकी बुलेट को टक्कर मारी थी। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। एएसआई दिनेश वरकड़े ने बताया कि जांच के दौरान गरोठ हाइवे के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये थे, जिसके आधार पर सामने आया कि बुलेट को पिकअप वाहन ने टक्कर मारी थी और चालक मौके से पिकअप लेकर भाग निकला था। जिसका नम्बर ट्रेस होने पर मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। आरटीओ से पिकअप मालिक की जानकारी प्राप्त कर चालक को गिरफ्तार किया जायेगा।

### गाय आने पर हादसे का शिकार हुआ बाइक चालक

**उज्जैन।** घट्टिया का रहने वाला ब्रजमोहन पिता दुर्गेश 20 साल रविवार रात सड़क हादसे का शिकार हो गया। उसे गंभीर हालत में चरक अस्पताल में भर्ती किया गया है। परिजनों ने बताया कि ब्रजमोहन ने घौंसला स्थित शोरूम पर बाइक सर्विसिंग के लिये दी थी। देर शाम वह घर से शोरूम जाने का बोलकर निकला था। रात में खबर मिली कि दुर्घटना में घायल हो गया है। अस्पताल पहुंचने पर ब्रजमोहन ने बताया कि बाइक के सामने गाय आने पर संतुलन बिगड़ने से बाइक स्लिप हुई है।

### महाकाल मंदिर क्षेत्र में मिली इंदौर से आई 2 बालिका

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर क्षेत्र नीलकंठ द्वार और जयसिंहपुरा मार्ग से रविवार-सोमवार रात 12.30 बजे 11 और 12 साल की 2 बालिकों को पुलिस ने लोगों की सूचना पर दस्तयाब किया। दोनों बालिकाएं अकेली थी, पूछताछ में सामने आया कि दोनों इंदौर हॉस्टल में पढ़ती है, जहां से बिना बताये उज्जैन आई है। महाकाल पुलिस ने दोनों बालिकाओं को वन स्टॉप सेंटर भेज परिजनों को सूचना दी। सोमवार सुबह परिजन उज्जैन पहुंचे थे और बालिकाओं को अपने साथ ले गये।

### नेहा जैन ने संभाला उज्जैन स्मार्ट सिटी सीईओ का प्रभार



**उज्जैन।** मध्यप्रदेश शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में सुश्री नेहा जैन ने सोमवार को उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) का प्रभार संभाल लिया। सुश्री जैन इससे पहले नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, इंदौर में अपर संचालक के पद पर कार्यरत थीं। उन्हें उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सीईओ का दायित्व सौंपा गया है। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कार्यालयीन कार्यों की शुरूआत की। कार्यभार संभालने के बाद उज्जैन स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अंतर्गत चल रहे विभिन्न विकास कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। साथ ही आगामी सिंहस्थ-2028 को देखते हुए शहर में प्रस्तावित विकास एवं आधारभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विशेष ध्यान रहेगा।

### बैंक ऑफ इंडिया उज्जैन अंचल ने मनाया 121वां स्थापना दिवस

**उज्जैन।** बैंक ऑफ इंडिया उज्जैन अंचल द्वारा 7 सितंबर को बैंक का 121वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अंचल कार्यालय सहित विभिन्न शाखाओं में इस अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष स्थापना दिवस का मुख्य संदेश ₹परस्पर साथ, उन्नयन और विकास – कल, आज, कल₹ रहा। आंचलिक प्रबंधक अजीत कुमार शरण, उप आंचलिक प्रबंधक प्रदीप कुमार कमल और कैलाश चौहान की उपस्थिति में आयोजित इन कार्यक्रमों में अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्राहकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शाम को मेगा संपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 450-9 | 114-6 |
| मेन बाजार | 330-6 | 336-5 |
| मिलन डे | 139-3 | 660-2 |
| मिलन नाइट | 250-7 | 239-4 |

5 8 0

धार्मिक दृष्टि से वर्ष 2026 का 14 सितंबर विशेष महत्व वाला रहेगा, बनेगा दुर्लभ संयोग

# 26 साल में एक ही दिन हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**





धार्मिक दृष्टि से वर्ष 2026 का 14 सितंबर विशेष महत्व वाला रहेगा। इस दिन सोमवार को हरतालिका तीज और गणेश चतुर्थी का दुर्लभ संयोग बन रहा है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार ऐसा संयोग 26 वर्षों में चौथी बार बन रहा है। खास बात यह है कि एक ही दिन माता पार्वती, भगवान शिव और प्रथम पूज्य भगवान श्री गणेश की आराधना होगी। इससे पर्व का धार्मिक महत्व और बढ़ गया है।

हरतालिका तीज पर सुहागिन महिलाएं अखंड सौभाग्य, पति की दीघार्यु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना से निर्जला व्रत रखती हैं। मान्यता है कि माता पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तप किया था। इसी स्मृति में हरतालिका तीज का व्रत किया जाता है। इस दिन महिलाएं भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा कर दांपत्य सुख की कामना करती हैं।

- तृतीया तिथि समाप्त होने के बाद चतुर्थी तिथि का आरंभ होगा। इसके चलते दोपहर के समय घरों में भगवान गणेश की स्थापना और पूजा-अर्चना की जाएगी। गणेश चतुर्थी पर श्रद्धालु विधि-विधान से प्रथम पूज्य भगवान गणेश की स्थापना कर सुख-समृद्धि, बुद्धि और विघ्नों के नाश की कामना करेंगे।
- उज्जैन जैसे धार्मिक नगर में इस दुर्लभ संयोग का विशेष महत्व माना जा रहा है। एक ओर महाकाल की नगरी में भगवान शिव की आराधना होगी, वहीं उनके परिवार के ही दो प्रमुख स्वरूप माता पार्वती और भगवान गणेश की पूजा भी होगी। श्रद्धालुओं के लिए यह दिन धार्मिक आस्था, व्रत और उत्सव का अनूठा संगम लेकर आएगा।

इस बार तीज और गणेश चतुर्थी एक ही दिन होने से व्रत और पूजा के समय को लेकर भी श्रद्धालुओं में विशेष उत्सुकता है। 14 सितंबर को सूर्योदय के समय तृतीया तिथि रहेगी, जो सुबह 7 बजकर 6 मिनट तक रहेगी। हरतालिका तीज की प्रातःकालीन पूजा के लिए सुबह 6.05 से 7.06 बजे तक का समय बताया गया है। जो महिलाएं इस अवधि में पूजा नहीं कर पाएं, वे प्रदोष काल में भी भगवान शिव-पार्वती की पूजा कर सकती हैं।

दूसरे दिन भी आबकारी की ग्रामीण क्षेत्रों में आबकारी विभाग की दबिश

# 800 किग्रा लहान बरामद, 7 आरोपी गिरफ्तार

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



अवैध शराब परिवहन और कारोबार को लेकर आबकारी विभाग की टीम लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में दबिश देकर आरोपियों की गिरफ्तारी कर रही है। सोमवार को आबकारी की अलग-अलग टीमों ने बड़नगर, खाचरौद, घट्टिया, तराना स्थित 9 स्थानों पर दबिश मारी और 15.14 बल्क लीटर शराब के साथ 800 किलोग्राम लहान बरामद कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

आबकारी नियंत्रण कक्ष अधिकारी मुकेश रंदा ने बताया कि ग्राम नांदेड से चुन्नीलाल पिता नानूराम, ग्राम बोडलिया से कांताबाई पति दयाराम मोंगिया, ग्राम पचोला से मोहनलाल पिता मदनलाल गारी, ग्राम बटलावदी से मुकेश पिता नानू चंद्रवंशी, पालना से मुकेश पिता गोवर्धन बागरी, ग्राम लोहान से सोहन, सकुलाना से कैलाश को पकड़ा गया है। सोमवार को की गई कार्रवाई से पहले रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों के ढाबों और किराना दुकान पर दबिश दी गई थी। बड़नगर क्षेत्र से भोला भील और जितेन्द्र कुम्हार को अवैध देशी शराब के साथ पकड़ा गया। तराना क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन करते हुए आरोपी नेपालसिंह राजपूत और सेवाराम मालवीय को गिरफ्तार कर 26 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किये गये। खाचरोद के ग्राम पालना में दबिश देकर कन्हैयालाल बागरी को अवैध शराब बेचते पकड़ा गया। नागदा के ग्राम टकरावदा में आबकारी टीम को देखकर आरोपी शराब छोड़कर भाग निकला। टीम ने नागदा-उज्जैन-जावरा बाईपास रोड स्थित 'चामुंडा ढाबा' पर बंशी चौहान और काशीराम नाई को अवैध शराब मामले में गिरफ्तार करने की कार्रवाई की। देर रात तक चली कार्रवाई में 10 लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 36 बी, 36 ए और 34 (1) (ए) के प्रकरण दर्ज किये गये है। कुल 11 प्रकरण अवैध शराब के बनाये गये है। इस दौरान एक स्थान से कच्ची शराब बनाने में उपयोग होने वाला लहान भी जप्त किया गया है। नियंत्रण कक्ष अधिकारी रंदा के अनुसार पूरी कार्रवाई सहायक आबकारी आयुक्त निधी जैन के मार्गदर्शन में की गई, जो आगे भी जारी रहेगी।

# सप्लायर को भेजा जेल नहीं मिला गांजा तस्कर

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

कार सवारों के बाद मिले 53 किलो गांजे के मामले में सप्लायर को गिरफ्तार करने के बाद तस्कर की तलाश में पुलिस की टीम ओडिशा पहुंची थी, लेकिन तस्कर का सुराग नहीं मिल पाया। सोमवार को सप्लायर की रिमांड अवधि खत्म होने पर उसे जेल भेजा गया है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने 22 अगस्त को कानीपुरा मार्ग से बिना नम्बर की कार में सवार आदर्श नायक, साहिल हेला और तेजस वर्मा को गिरफ्तार किया था। जिनके पास से 53 किलो 327 ग्राम गांजा मिला था। पूछताछ में तीनों ने ओडिशा से गांजा लाना बताया था। पुलिस की टीम ओडिशा पहुंची थी और भुवनेश्वर से गांजा उपलब्ध कराने वाले सचिन उर्फ जतीन पिता प्रकाशचंद्र डिगल को गिरफ्तार कर उज्जैन लाई थी। उसने मुख्य गांजा तस्कर खनेश्वर प्रधान का नाम कबूला था। पुलिस ने सचिन उर्फ जतीन को 8 दिनों की रिमांड पर लिया था और उसे ओडिशा लेकर पहुंची थी, जहां खनेश्वर प्रधान की तलाश में उसके ठिकानों पर दबिश दी गई, लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं हो सकी। रविवार रात टीम वापस लौट आई थी। एसआई दिनेश भट्ट ने बताया कि गांजा सप्लायर का रिमांड खत्म होने पर उसे सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है। मुख्य तस्कर की तलाश जारी है, सुराग मिलने पर फिर से ओडिशा में दबिश दी जायेगी।

### रोशन गुर्जर को भी भेजा जेल

एमडी ड्रग्स मामले में फरार चल रहे बदमाश रोशन गुर्जर ने 2 सितंबर को एनडीपीएस कोर्ट में सरेंडर कर दिया था। नीलगंगा थाना पुलिस ने पूछताछ के लिये 4 दिन की रिमांड पर लिया था, जिससे ड्रग्स संबंधित पूछताछ की गई, जिसमें कुछ महत्वपूर्ण जानकरी सामने आई है। रिमांड खत्म होने पर उसे जेल भेजा गया है। एसआई वेदप्रकाश साहू ने बताया कि बदमाश के खिलाफ पूर्व पत्नी को पिस्टल दिखाकर धमकाने का मामला भी दर्ज है। उक्त मामले में पूछताछ के लिये उसे न्यायालय की अनुमति से दोबारा पूछताछ के लिये जेल से प्रोटेक्शन रिमांड पर लाया जायेगा।

# गणेशपुरा में बदमाशों ने फोड़े कार के कांच

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बदमाशों ने रविवार-सोमवार रात खड़ी कार के कांच फोड़ दिये। सुबह कार मालिक को घटना का पता चला तो माधवनगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस बदमाशों का पता लगाने के लिये कैमरों के फुटेज खंगाल रही है। मक्सीरोड गणेशपुरा में रहने वाले शुभम ठाकुर ने अपनी कार घर के सामने खड़ी की थी। सोमवार सुबह आसपास के लोगों ने उन्हे कार के कांच फूटे होने की जानकारी दी। शुभम ने मौके पर जाकर देखा तो कुछ पत्थर पड़े थे। कार का अगला कांच फूटा हुआ था। उसने माधवनगर थाने पहुंचकर मामले की लिखित शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देख बदमाशों का पता लगाने का प्रयास शुरू किया है। इस बात का पता भी लगाया जा रहा है कि कार मालिक की किसी से दुश्मनी तो नहीं है। विदित हो कि शनिवार-रविवार रात तराना से खबर सामने आई थी कि गार्डन में खड़ी कार पर पेट्रोल छिड़कर बदमाशों ने आग लगा दी है। उक्त मामले में तराना पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है। शहर में पहले भी घरों के बाहर खड़े वाहनों के कांच फोड़ने के मामले सामने आ चुके है। पुलिस कई मामलों में बदमाशों को पकड़ चुकी है। जिसमें नाबालिग भी सामने आये है। जिनके परिजनों से नुकसान की भरपाई कराई है। फिर भी बदमाश अपनी करतूतों से बाज नहीं आ रहे है। वेवजह वाहनों कांच फोड़े जा रहे है और आग लगाई जा रही है।

## सभामंडपम में बिगड़ी पुजारी आशीष गुरू की तबीयत

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बाबा महाकाल की शाही सवारी नगर भ्रमण करने के बाद देर शाम महाकाल मंदिर पहुंची थी, जहां बाबा का पूजन करते वक्त पुजारी आशीष गुरू की तबीयत बिगड़ गई। उन्हे तत्काल मंदिर परिसर के ग्रीन रूम ले जाया गया। बताया जा रहा है कि रात 9.30 बजे बाबा की पालकी मंदिर पहुंची थी, जहां बाबा का पूजन किया जा रहा था। पूजन में पुजारी आशीष गुरू शामिल थे जिनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई और गिर पड़े। उन्हे मंदिर परिसर के ग्रीन रूम ले जाया गया, जहां डॉक्टरों की टीम ने उनका चैक किया, प्राथमिक उपचार के बाद उन्हे आराम के लिये घर भेजा गया है। बताया जा रहा है कि उनका एकादशी का उपवास था, दिनभर मंदिर में बाबा की सेवा करने के बाद शाम को वह पैदल सवारी मार्ग पर चले थे, जिसके चलते थकान से उन्हे चक्कर आ गये थे।

साइबर फ्रॉड में उपयोग होने वाले मोबाइल नम्बरों की लगातार पड़ताल जारी

# समाधान मोबाइल से फर्जी आईडी पर जारी हुई थी सीम, संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**



साइबर फ्रॉड में उपयोग होने वाले मोबाइल नम्बरों की राज्य साइबर टीम द्वारा लगातार पड़ताल की जा रही है। जिसे ऑपरेशन फास्ट 2.0 नाम दिया गया। इसी पड़ताल में उज्जैन से जारी हुई सीम का पता चलने पर माधवनगर पुलिस द्वारा मोबाइल दुकान संचालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

माधवनगर थाना एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि भोपाल राज्य साइबर सेल की जांच में साइबर फ्रॉड के दौरान उपयोग हुये मोबाइल नम्बर की जानकारी सामने आई थी। जिसकी जांच में पता चला कि उक्त सीम फ्रीगंज स्थित कालिदास मार्ग पर समाधान मोबाइल से फर्जी आईडी पर चालू की गई थी। राज्य साइबर सेल से मिली जानकारी के बाद मामले में समाधान मोबाइल दुकान संचालक विनय शर्मा के खिलाफ धोखाधड़ी की धारा 318 (4) के साथ 66 (सी) आईटी एक्ट और दूरसंचार अधिनियम की धारा 42 (3)(ई) 42 (2) का प्रकरण दर्ज किया गया है। ऑपरेशन फास्ट 2.0 का मुख्य लक्ष्य साइबर अपराधियों को फर्जी या संदिग्ध दस्तावेजों पर सीम कार्ड उपलब्ध कराने वाले सप्लायरों, पीओएस एजेंट और दुकानदारों को पकड़ना है। विदित हो कि पूर्व में शहर में पुलिस द्वारा सड़कों पर छतरी लगाकर सीम बेचने वालों की धरपकड़ की गई थी। उस दौरान भी सैकड़ो फर्जी सीम का खुलासा हुआ था और कुछ लोगों की गिरफ्तारी की गई थी। इन दिनों साइबर फ्रॉड के मामले भी काफी सामने आ रहे है। ठगों द्वारा मोबाइल हैक कर लोगों के खातों से हजारों-लाखों का ट्रांजेक्शन किया जा रहा है। जिसको लेकर साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर प्रतिदिन दर्जनों शिकायत दर्ज हो रही है। सभी साइबर फ्रॉड में फर्जी मोबाइल नम्बरों का उपयोग होना समाने आ रहा है।

बाबा महाकाल की शाही सवारी में बदमाशों ने 40 मोबाइल, 2 चेन के साथ चोरी किये पर्स

# कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच भक्तों के साथ वारदात

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

बाबा महाकाल की शाही सवारी में कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बावजूद बदमाश ने श्रद्धालुओं के साथ वारदातों को अंजाम दिया। दिन में मंदिर परिसर से आसपास क्षेत्र में वारदात हुई, वहीं रात 8.30 बजे बाबा की पालकी मंदिर पहुंचने के बाद सवारी मार्ग पर बदमाशों का निशाना बने बाबा के भक्त महाकाल और खाराकुआ थाने पर शिकायत दर्ज कराने के लिये पहुंचने लगे थे।

सावन-भादौ माह की शाही सवारी सोमवार शाम 4 बजे महाकाल मंदिर से निकाली गई। श्रद्धालुओं की सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किये गये थे,



ढाई हजार पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई थी, सीसीटीवी कैमरों के साथ ड्रोन से नजर रखी जा रही थी, बावजूद आस्था की भीड़ में बदमाशों ने वारदातों को अंजाम दिया। सुबह से मंदिर क्षेत्र में वारदात होना सामने आया तो देर शाम सवारी मार्ग पर महाकाल थाना क्षेत्र से खाराकुआ थाना क्षेत्र में बदमाश सक्रिय होना सामने आये। दोपहर तक महाकाल थाने पर 2 श्रद्धालुओं ने चेन और 10 से 12 श्रद्धालुओं ने मोबाइल चोरी होने शिकायत लिखित में दर्ज कराई थी। शाम को सवारी मार्ग पर कुछ श्रद्धालुओं के मोबाइल-पर्स बदमाशों ने चोरी कर लिये वह भी महाकाल थाने पहुंचे थे शाम 7 बजे तक महाकाल थाने पर डेढ़ दर्ज शिकायत पहुंच चुकी थी। सवारी मंदिर पहुंचने के बाद एक बार फिर मोबाइल-पर्स चोरी की शिकायत लेकर श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया था। इस तरह खाराकुआ थाने पर रात 8 बजे तक 12 से 13 शिकायत पर्स-मोबाइल की पहुंच चुकी थी इस बीच खाराकुआ पुलिस ने बताया कि थाना क्षेत्र के मार्ग से सवारी गुजरने के बाद भी 8-10 श्रद्धालु चोरी की शिकायत लेकर पहुंचे है। प्रारंभिक जानकारी अनुसार दोनों थानों के बीच लगभग 40 मोबाइल-पर्स और 2 चेन चोरी की शिकायत सामने आ चुकी थी। कुछ पर्स चोरी के मामले भी सामने आये है। सवारी मार्ग कोतवाली थाना क्षेत्र का भी रहा था लेकिन रात 9 बजे तक कोतवाली थाने पर एक भी शिकायत नहीं पहुंची थी।

### 12 से 15 संदिग्धों से पूछताछ जारी

महाकाल मंदिर से लेकर सवारी मार्ग पर सादी वर्दी में तैनात पुलिस ने महाकाल और खाराकुआ थाना क्षेत्र के बीच से 12 से 15 संदिग्धों को चोरी की शंका में पकड़ा था, जिनसे पूछताछ की जा रही है। उनके साथ आये साथियों का भी पता लगाया जा रहा है। श्रद्धालुओं के साथ वारदात ना हो इसको लेकर रविवार को भी संदिग्धों की धरपकड़ का अभियान चलाया गया था और 24 से अधिक लोगों को पकड़ा गया था, बावजूद शाही सवारी के दिन बदमाशों की मौजूदगी सामने आई है।

### वारदत करने बाहर से आती है गैंग

धार्मिक नगरी में सावन-भादौ माह में निकलने वाली बाबा महाकाल की 6 सावरी के दौरान पुलिस ने महिला-पुरूषों की कई गैंग को पकड़ा, जो बाहर से आना सामने आई है। एक महिला से सोने का लॉकेट बरामद किया था, वहीं एक बदमाश से 4 सोने की चेन के साथ 2 मंगलसूत्र बरामद हुये थे। कुछ महिलओं को पार्किंग में खड़ी कारों को निशाना बनाकर वारदात करने से पहले ही पुलिस ने दबोच लिया था। पुलिस के प्रयासों के बाद भी श्रद्धालुओं के साथ वारदात होना सामने आया है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com